RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 138 | ग्वालियर 29 दिसम्बर रविवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2

## एक नजर...

### अम्बाह पोरसा क्षेत्र की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल - विधायक अम्बाह



**प्राथमिक जांच के बाद मरीज किये जा रहे रेफर**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार ब्यूरो मुरैना**

अम्बाह । अम्बाह विधायक देवेंद्र सखवार ने सिविल अस्पताल अम्बाह एवं पोरसा में डॉक्टरों की कमी के संबंध में विधानसभा में सवाल उठाया था। इस संबंध में बुधवार को जानकारी देते हुए विधायक सखवार ने कहा कि चिकित्सकों की कमी के चलते अम्बाह पोरसा के अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। तमाम बार ध्यान आकर्षित करने के बाद भी चिकित्सकों के रिक्त पदों को भर नहीं जा रहा है जिससे इलाके की जनता प्राइवेट चिकित्सकों पर इलाज करने के लिए मजबूर हैं।विधायक श्री सखवार ने कहा कि सरकार के दावों के बावजूद इलाके में स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा रही हैं। कहीं डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का संकट है तो कहीं उपकरण और दवाओं का टोटा। सरकार नए अस्पताल भवन बनाने पर जोर दे रही है, लेकिन सिविल अस्पताल से लेकर ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों तक अव्यवस्था फैली है। अस्पतालों में हर दिन मरीजों की लंबी कतारें लगती हैं। ज्यादातर स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज नर्स और कंपाउंडरों से इलाज कराने मजबूर हैं। सरकारी तमाम दावों के बीच अंबाह पोरसा के अस्पतालों में सोनोग्राफी और इसीजी जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। साथ ही रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, एवं स्पेशलिस्ट जैसे पद खाली पड़े हैं। इन अस्पतालों में ब्लड बैंक और प्रसूति के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। विधायक ने कहा कि हाल ही में खत्म हुए मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने अंबाह पोरसा की स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताई थी। सदन में मामला उठाकर सरकार से जवाब मांगा था। इस दौरान डॉक्टर- स्वास्थ्य कर्मियों की कमी, अफसरों की लापरवाही से लेकर प्रसूति संबंधी जरूरी सुविधा पर भी सवाल उठाए थे सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जवाब पेश किए लेकिन हम उससे संतुष्ट नहीं हैं। विधायक ने कहा कि अंबाह अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। इस वजह से ज्यादातर मरीजों को ओपीडी से ही जांच के बाद रवाना कर दिया जाता है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को या तो निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है या फिर मुरैना जाना पड़ता है।

### धीरज सिंह बने आरक्षक से प्रधान आरक्षक टी आई ने लगाई फीती,



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर,,**

पोरसा,,,,,,,,, पुलिस थाना पोरसा में आरक्षक के पद पर पदस्थ धीरज कुमार की अच्छी सेवाओं को देखते हुए उनका प्रमोशन कर प्रधान आरक्षक के पद पर किया गया आज पुलिस थाना परिसर पर धीरज कुमार को प्रधान आरक्षक की फीती टी आई रामनरेश यादव ने लगाई,,,,,,, आरक्षक धीरज सिंह थाना पोरसा में सर्विस कर रहे हैं थाना पोरसा में आरक्षक से प्रधान आरक्षक बनने पर टी आई रामनरेश यादव ने फीती लगाकर हौसला बढ़ाया था इस मौके पर उपेंद्र पाराशर, रमेश चंद शर्मा, दुर्गेश सिंह भदोरिया, नाथूराम शर्मा, टीडीएस भदोरिया ,सुरेश सिंह, श्रीकांत शर्मा, वासुदेव सिंह, महेश शर्मा, किशन सिंह, रणवीर गुर्जर,, नीरज सिंह तोमर, उपेंद्र राजावत, पदम सिंह, सुधीर पाठक, सैयद वसिम अली आदि लोग मौजूद थे,,,,

### लहार नगरपालिका द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत लगाया गया शिविर





**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत नगरपालिका लहार द्वारा लहार नगर के वार्ड न. 07 (कारस देव बाबा के पास) में शिविर लगाकर रमाशंकर शर्मा (मुख्य नगर पालिका आधिकरी के मार्गदर्शन में महेन्द्र सिंह (राजस्व उप निरीक्षक ) के समक्ष हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर मौके पर ही कई हितग्राहियों के आवेदनो का त्वरित निराकण किया है जिसमे नगर पालिका परिषद् लहार के समस्त अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे,

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने देर रात किया शहर के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

**जिला चिकित्सालय की आकस्मिक चिकित्सा इकाई का भी किया निरीक्षण**





**निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री वैष्णव भी रहे मौजूद**

**केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर शहर में संचालित सभी रैन बसेरों की क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। हर जरूरतमंद को रैन बसेरों में आश्रय दिलाएँ। किसी भी व्यक्ति को खुले में रात गुजारने के लिए मजबूर न होना प?। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दिए।उन्होंने शनिवार की देर रात बस स्टैंड और जिला चिकित्सालय मुरार स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव भी उनके साथ थे। उन्होंने इस दौरान जिला चिकित्सालय मुरार की आकस्मिक चिकित्सा इकाई का निरीक्षण भी किया। शनिवार की रात शहर भ्रमण पर निकलीं कलेक्टर श्रीमती चौहान को बस स्टैंड रैन बसेरा में विभिन्न जिलों से काम से आए आम नागरिक एवं परीक्षा देने आए छात्र सोते हुए मिले। यहाँ पर मिले सभी लोगों ने रैन बसेरा की व्यवस्था पर संतोष जताया। इसी तरह जिला चिकित्सालय मुरार के रैन बसेरा में मरीजों के परिजन आश्रय लिए थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इन सभी से चर्चा की। मरीजों के परिजनों ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन रैन बसेरों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को ब?ी राहत मिल रही है।जिला चिकित्सालय की आकस्मिक चिकित्सा इकाई के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को सभी ड्यूटी डॉक्टर व पैरा मेडीकल स्टाफ अपनी ड्यूटी पर तैनात मिले। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश दिए कि रात के समय अत्यंत जरूरतमंद मरीज सरकारी अस्पताल में आते हैं, इसलिए पूरी संवेदनशीलता के साथ उन्हें स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएं। उन्होंने इस दौरान कहा कि रात्रिकालीन निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# राजधानी भोपाल जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी में गरीबों की योजना मनरेगा में हुआ भ्रष्टाचार

**मनरेगा योजना में शासकीय कर्मचारी को बनाया मजदूर**





**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

भोपाल।। राजधानी भोपाल की जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी में शासकीय कर्मचारी की मनरेगा में हाजिरी लगाकर निकली गई राशि आपको बता दे की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना एक ऐसी योजना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों के लिए 100 दिन की मजदूरी दी जाती है जिससे मजदूर अपना जीवन यापन कर सकें पर ग्राम पंचायत बिशन खेड़ी के सरपंच सचिव द्वारा एक शासकीय कर्मचारी की हाजिरी लगाकर गरीबों की योजना में भ्रष्टाचार किया है जो की शासकीय कर्मचारी इस योजना में मजदूरी का पात्र नहीं होता है पर यहां शासकीय कर्मचारी की हाजिरी लगाकर हजारों रुपए निकाले गए हैं जबकि शासकीय कर्मचारी शासकीय नौकरी कर रहा है उधर भी उसकी हाजिरी लगी हुई है एक ही व्यक्ति अलग-अलग दो जगह कार्य कैसे कर सकता है पर सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में शासकीय कर्मचारी को मजदूरी जॉब कार्ड बनाकर मजदूरी दी गई मजदूरों का मुंह का निवाला छीना जा रहा है सरकार की राशि का बंदरबांट किया जा रहा है

### वरिष्ठ समाजसेवी अरूणेश सिंह भदोरिया के जन्मदिन पर होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101**




ग्वालियर-जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया के जन्मदिन के अवसर पर 1 जनवरी 2025 को भागीरथी रेडजेंसी मुरार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों के द्वारा बताया गया की शहर की सामाजिक संस्था जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी जिसका मुख्य उद्देश्य गरीब आदमी को मुहैया रोजगार मुहैया करना बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य उपलब्ध कराना एवं अन्य ऐसे कार्य कराए जाते हैं जो समाज हित में हो इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदोरिया है जिनका जन्मदिन 1 जनवरी 2025 को है इस उपलक्ष में सोसाइटी के सदस्यों के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा उन्होंने इस अवसर पर सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि 1 जनवरी को जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय पर उपस्थित होकर अपने प्रिय राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदोरिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कर उनको बधाइयां दें

# नन्ही दिव्यांशी को सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में मिला नया जीवन

**सर्वोदय हॉस्पिटल और जी वाय एम सी क्लब, ग्वालियर द्वारा दी जानकारी**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101**

ग्वालियर, -/- सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर-8, जी बाय एम सी क्लब, ग्वालियर के सहयोग से आज एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों और उनके इलाज में आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरूकता फैलाना था। सर्वोदय हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित कार्डियक सर्जन डॉ. वेद प्रकाश ने संबोधित किया। डॉ. वेद ने बताया कि हृदय रोग अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, यह युवा और यहाँ तक कि बच्चों में भी देखने को मिल रहा है। हमारी प्राथमिकता ना केवल सर्जरी करना है बल्कि मरीजों और उनके परिवारों को उचित मार्गदर्शन और देखभाल प्रदान करना भी है।इस अवसर पर सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर-8, फरीदाबाद के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वेद प्रकाश ने कुछ ही महीने पहले 13 वर्षीय दिव्यांशी की निःशुल्क हृदय सर्जरी के बारे में कांफ्रेंस में उपस्तिथ लोगों से साँझा किया। दिव्यांशी एक गंभीर हृदय समस्या से पीड़ति थी, और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसका इलाज संभव नहीं था। इस कठिन परिस्थिति में, सर्वोदय हॉस्पिटल ने यह जिम्मेदारी उठाई और बच्ची की निःशुल्क हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की।

डॉ. वेद प्रकाश ने कहा, दिव्यांशी जैसी मासूम जान को बचाना हमारे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। सर्वोदय हॉस्पिटल हमेशा ऐसे जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए तत्पर है। इस अवसर पर डॉ. वेद




प्रकाश ने कार्डियक सर्जरी के महत्व और सर्वोदय हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे सही समय पर की गई हृदय सर्जरी मरीजों की जिंदगी को बेहतर बना सकती है।÷इस अवसर पर जी वाय एम सी क्लब के प्रसिडेंट जे.पी. सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने सर्वोदय हॉस्पिटल और डॉ वेद प्रकाश की सराहना करते हुए में बदलाव लाने और जरूरतमंदों की सच्ची सेवा का उदाहरण है। ऐसी पहल समाज को प्रेरित करने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि जब दिव्यांशी के परिवार को मदद की आवश्यकता थी, तब उन्होंने सर्वोदय हॉस्पिटल के बारे में जानकारी दी और सही मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. वेद प्रकाश ने कार्डियक सर्जरी से जुड़े कई मिथकों को भी तोड़ा और इसे एक सुरक्षित और जीवनदायी प्रक्रिया बताया।हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट सहित 3 अन्य क्लीनिक, 3 डायलिसिस सेंटर, 1 इमेजिंग सेंटर और 1 नर्सिंग कॉलेज को समाहित करता है। यह ग्रुप 800 बेड, 170 आईसीयू बेड, 19 ऑपरेशन थियेटर, 4 डी पीईटी सीटी स्कैनर, सबसे उन्नत 6 डी काउच लिनैक रेडियोथेरेपी मशीन, बेहतरीन बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुविधा, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट, सर्वाधिक उन्नत हैमोडायफिकेशन, बेहतरीन फाइब्रोस्कैन और कैथ लैब मशीन, है। ग्रुप की ओर से कार्डियोलॉजी, कार्डियो-थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी, कैंसर देखभाल, तंत्रिका विज्ञान, हड्डी रोग और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, मूत्रविज्ञान, नेफ्रोलॉजी, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई सर्जरी में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं प्रदान कर रहा है। सर्वोदय हेल्थ केयर ग्रुप का यह मकसद होता है कि रोगी न केवल ठीक हो बल्कि पूर्णतः स्वास्थ्य लाभ के लिए बेहतरीन देखभाल सुविधाएं भी हासिल करें। सर्व संतू निर्मया÷ ही वह मंत्र है जिसे अपनाकर सर्वोदय हेल्थ केयर ग्रुप मरीजों के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प बना है। हम मरीजों का केवल इलाज नहीं करते बल्कि उन्हें पूर्णत स्वस्थ बनाते हैं

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर,रविवार 29 दिसम्बर 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



## श्री गुरु चरण सरोज रज निज मन मुकर सुधार बरनौ रघुबर विमल जसु जो दायक फल चारि



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

### बजरंग सेना के सदस्यों ने क्रिसमिस डे ना मना कर, कराया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

डबरा ---- क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए संगीतमई सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बजरंग सेना संगठन कार्य कर्ताओं ने विधिवत भगवान श्रीराम और श्री हनुमान जी का पूजन कर सुंदरकांड पाठ शुरू किया।बुधवार को सुबह झरने डॉग वाले हनुमान जी पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जिसमें बजरंग सेना संगठन डबरा ग्वालियर की सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए । इन सभी कार्य कर्ताओं ने भगवान श्रीराम और श्री हनुमान जी का विधि विधान से पूजन कर संगीतमई सुंदरकांड पाठ का किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हारमोनियम और मंजीरे,ढोलक की धुन पर शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं इस धार्मिक कार्यक्रम में विधि विधान से श्री गुरु चरण सरोज रज निज मन मुकुर सुधारि, बरनौ रघुबर विमल जसु जो दायक फल चारि,बुद्धि हीन तनु जानिके रूमिरो पवन कुमार के साथ विधिवत रूप से श्री हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित सभी लोग भक्ति भाव में डूबे रहे। समापन के बाद भगवान श्री राम और श्री हनुमान जी की आरती की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण की। इस दौरान उपस्थित शास्त्री जी ने कहा कि हनुमानजी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए सुंदरकांड के पाठ करना जरुरी है। शास्त्रों में इनकी कृपा पाने के लिए कई उपाय दिए गए है। उनमें से ही एक है। सुंदरकांड का पाठ करना। इसका पाठ करने से हनुमान जी की कृपा के साथ ही श्रीराम जी की भी विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि परिवार की सुख शांति के लिए सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। इस अवसर संगठन के जिला प्रभारी जगमोहन पचौरी जिला उपाध्यक्ष गगन शर्मा हरदेनिया जिला मंत्री पुष्पेंद्र पाराशर जिला कार्यकारिणी सदस्य गुलशन माझी कन्हैया शर्मा प्रशांत भार्गव एवं अन्य सभी संगठन सदस्य सम्मिलित हुएसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डाक्टर वीहीन, स्वास्थ्य सेवा हुआ बदहाल

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डाक्टर वीहीन, स्वास्थ्य सेवा हुआ बदहाल एक फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ठूठीबारी का मामला

निचलौल (महराजगंज)निचलौल ब्लाक अंतर्गत ठूठीबारी ग्राम




सभा के टोला धर्मौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वाथ सेवा से बदहाल हो गया है।अस्पताल में डाक्टर के ना होने से स्वास्थ सेवा लड़खड़ा गई है। अस्पताल पर तैनात डॉक्टर ओम प्रकाश द्वारा 19 दिसंबर इस्तीफा देकर घर चले गए। जिसके बाद से यहां किसी दूसरे डाक्टर की तैनाती नहीं हुई। जिसके बाद सीएचसी की जिम्मेदारी एक फार्मासिस्ट के भरोसे है। आलम यह है कि दूर दराज से पैदल, रिक्सा, बाइक से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीज डाक्टर के अभाव में इलाज के लिए परेशान हो रहे है। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधा को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा ठूठीबारी के टोला धरमौली में सीएचसी केंद्र का निर्माण कराया गया है। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच कर अपनी बीमारियों का इलाज करा स्वास्थ सुविधा का लाभ ले रहे है। इस अस्पताल के संचालन होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग छोटी मोटी बिमारियों का इलाज कराना बेहद सरल व सुविधा जनक हो गया है।मौजूदा समय में सीएचसी में एक फार्मासिस्ट सतीश शंकर वर्मा,लैब टेक्नीशियन समीर उपाध्याय, स्वीपरउदयभान, होरिल वार्ड ब्वाय, लक्ष्मीना स्वीपर, सहित कुल पांच स्टाफ तैनात है। जब अस्पताल शुरू हुआ यह संख्या नौ थी। यहां शुरू से ही स्टाफ की कमी है। फार्मासिस्ट वर्मा ने बताया कि विगत एक हफ्ते से मौसम का मिजाज बदलने से सर्दी, जुकाम, खांसी, डायरिया, बुखार सहित खुजली सहित वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है।मौके पर मौजूद ग्रामीण इंदर प्रसाद यादव, पप्पू साहनी राम नारायण सिंह, नर्मदा देवी, यशोदा देवी, मीरा देवी, अर्जुन यादव, रामलाल साहनी, गोबरी चौधरी, सुरेश चौधरी, युसूफ खान, गणेश प्रसाद, पृथ्वी गुप्त आदि लोगो ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में मरीज के अस्पताल पहुंच रहे है। पर डाक्टर की तैनाती ना होने से वापस लौट प्राइवेट क्लिनिक अपना इलाज करवा रहे है। जिससे उनकी जेब ढीली हो रही है।

**बिना बाउंड्री वाल अस्पताल, सुरक्षा से मजाक**-ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा अस्पताल तो बना दिया गया है। बाउंड्री वाल नहीं लगा ना ही गेट लगाया गया। जिससे कुत्ते, बिल्ली, बकरी सहित पशु बे रोक टोक घुस जाते है।अस्पताल की बाउंड्री विहीन होने की वजह से सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सुरक्षित नहीं है।

**कोट.**-सीएचसी में डाक्टर का ना होने का मामला संज्ञान में है अगले सप्ताह में तीन दिन डाक्टर की व्यवस्था किया गया है जल्दी ही
परमानेंट डॉक्टर की तैनाती कर दी जाएगी।स्वास्थ सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**सीएमओ महाराजगंज**
**डॉ श्रीकांत शुक्ला**

# तेरे मेरे प्यार मे कितना दम है: न्यूरिया पुलिस को बार बालाओ ने दिखा दिया

**प्रधानमंत्री मोदी के आदेश का पालन नही करा सकी थानाध्यक्ष रूपा बिष्ट**

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत - न्यूरिया। थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चल रहे धार्मिक मेले की आड मे बार बालाओ से जमकर ठुमके लगवाए जा रहे है। न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव गुलर्?या मे धार्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मेला कमेटी ने थाना पुलिस को गुमराह करके मेले मे अश्लील डांस कराया वही किसी व्यक्ति ने बार-बालाओ के अश्लील डांस का विडियो बनाकर शोशल मिडिया सहित ट्विटर हैंडिल पर बार बालाओ के अश्लील डांस की विडियो वायरल कर दी है। बीडियो वायरल होने बाद थाना पुलिस हरकत मे आयी और जांच का हवाला देकर मेला कमेटी पर



कार्रवाही की बात कही है। जहा पूरे देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन मे पूरे भारत मे सात दिनो का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। यहा तक प्रधानमंत्री ने शक्त आदेश दिये है। की देश मे किसी तरह का रंगारंगीन कार्यक्रम पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। उसके बावजूद भी प्रधानमंत्री के आदेश का पालन नही करा सकी थाना अध्यक्ष रूपा बिष्ट और अपने ही थाना क्षेत्र मे करा दिया बार बालाओ का अश्लील डांस जिसका विडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस ने अश्लील डांस कराने वाली मेला कमेटी पर रिपोर्ट दर्ज नही की है।

# पलारी पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 06 जुआरियों को किया गिरफ्तार




**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बलौदाबाजार। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ सट्टा पट्टी सहित अन्य अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस द्वारा 27 दिसंबर को ग्राम लरिया में जुआ खेलते हुए राजेश मारकंडे उम्र 34 वर्ष हेमलाल यादव उम्र 56 वर्ष जगेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष दयाशंकर मांजरे उम्र 59 वर्ष साधराम उम्र 55 वर्ष ग्राम लरिया एवं भागबली सोनवानी उम्र 50 वर्ष ग्राम खपरी सहित 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।आरोपी जुआरियों से नगदी 2420 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# धोबी समाज के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए झड़ीराम कन्नौजे

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



बलौदाबाजार। गत दिवस ग्राम जाखड़मुड़ा (सिरपुर) निवासी घनाराम निर्मलकर एवं मन्नूलाल निर्मलकर के दादी स्व श्रीमति जीवत बाई निर्मलकर (110साल) के दशगात्र कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे सहित अनेको पदाधिकारी शामिल होकर शोकसभा आयोजित कर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उनके साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के कोषाध्यक्ष डॉ विजय कन्नौजे कसडोल परिक्षेत्र के अध्यक्ष मानसिंह निर्मलकर सचिव मोतीलाल निर्मलकर मेलाराम कर्ष ललित निर्मलकर अरुण कन्नौजे शिवकुमार निर्मलकर छबिलाल निर्मलकर जोहन कन्नौजे सहित परिजन एवं बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए।

## आगरा में अवैध खनन पर बड़ी कार्यवाही

**आगरा मंडल ब्यूरो चीफ दीवान सिंह सिकरवार की रिपोर्ट**



उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में खनन माफियाओं की हिम्मत और बढ़ती जा रही है आए दिन ट्रैक्टर , डंफर के द्वारा दुर्घटनाओं को देखते हुए आगरा के पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी थानों को निर्देश दिए कि एक भी ट्रैक्टर और डंफर अवैध रूप से खनन करके नहीं बचना चाहिए इसी आदेश का पालन करते हुए अवैध खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत ACP_सदर के नेतृत्व में थानाडुसदरडुबाजार पुलिस टीम द्वारा जगह जगह चैकिंग प्वाइंट लगाकर अपनी टीम के साथ अवैध खनन(गिट्टी, बालू, स्टोन डस्ट) से भरे हुए 23 डम्फरों को सीज किया गया । और आगरा के सभी थाने और चौकियों को सतर्क कर दिया गया है किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होना चाहिए माफियाओं पर तुरंत कार्यवाही करके उनके वाहनों को सीज किया जाए

# डा.मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन को परिवार सहित पहुंचे सांसद औजला हिंदू कालेज की तरफ से भी भेंट किए श्रद्धासुमन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शनों के लिए सांसद गुरजीत सिंह औजला ने परिवार सहित उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। दिल्ली स्थित आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में रखे डा. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर पर सांसद औजला ने अमृतसर व हिंदू कालेज की तरफ से भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व विधायक जुगल किशोर शर्मा, पूर्व डा.राज कुमार वेरका, सांसद औजला की पत्नी अनदलीब कौर औजला और उनका बेटा बाबर औजला मौजूद रहे। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने नम आंखों से पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री को अंतिम विदाई दी। सांसद औजला ने कहा कि डा.मनमोहन सिंह उनके लिए हमेशा मार्गदर्शक रहे हैं। उनकी छत्र छाया में ही उन्होंने राजनीति के गुर सीखे वहीं अमृतसर के



प्रति डा.मनमोहन सिंह का प्यार हमेशा उन्हें प्रेरित करता रहा है। गुरु नगरी से उनका खास संबंध रहा है और वह हमेशा यहां के लिए नई योजनाएं लाने की बात करते थे। सांसद औजला ने कहा कि डा.मनमोहन सिंह ने उनके लोकसभा चुनावों के दौरान भी उनके लिए और अमृतसर के लोगों के लिए संदेश भेजा था। वह हमेशा उन्हें सकारात्मक सीख देते थे और जब भी उनसे मुलाकात होती थी तो उनमें गुरु नगरी के प्रति दुगुने उत्साह से काम करने की ललक पैदा होती थी। सांसद औजला ने कहा कि वह ना केवल खुद बल्कि उनके परिवार का हर सदस्य डा.मनमोहन सिंह के जीवन से और उनकी सादगी से प्रभावित है और उनकी सीख जिंदगी भर उनके साथ चलेगी।
सांसद औजला ने कहा कि अमृतसर के हिंदू कालेज से डा.मनमोहन सिंह ने अपनी शिक्षा पूरी की थी इसीलिए उनकी तरफ से और गुरु नगरी के हर नागरिक की तरफ से भी उन्होंने डा. साहिब को श्रद्धा के फूल अर्पित किए हैं और कामना करते हैं कि परमात्मा उन्हें अपने चरणों में निवास दे।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया भरतकूप पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय**



चित्रकूट। थाना भरतकूप पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 रामकुमार एवं उनकी टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की।पुलिस टीम ने अभियुक्त अस्मित पुत्र सुशील कुमार पटेल निवासी ग्राम घूरेटनपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना भरतकूप में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तारी के दौरान उ0नि0 रामकुमार, आरक्षी अखिलेश तोमर मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस सफलता को पुलिस टीम की तत्परता और पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की अहम उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# स्पैल प्रतियोगिता का आयोजन।



नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि। राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान परिषद के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कोतवाली ब्लॉक के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। निदेशक राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसन्धान परिषद लखनऊ के निर्देश पर अंग्रेजी व हिन्दी भाषा में प्रवीणता और स्पर्धा का भाव जगाने के लिए बीआरसी पुरैनी में शनिवार को कोतवाली ब्लॉक के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की हिन्दी व अंग्रेजी डिक्टेशन स्पैल बी प्रतियोगिता आयोजित हुई भारी वर्षा के बावजूद सैक?ों की संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता के परिणाम के बाद प्राथमिक स्तर में प्राथमिक विद्यालय रायपुर सादात 2 के यश कुमार( कक्षा 5), उच्च प्राथमिक स्तर में उच्च प्राथमिक विद्यालय सूफीपुर अंगद के प्रिंस कुमार (कक्षा 8), कन्या प्राथमिक स्तर में कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय कस्बा कोटरा की मोहिनी (कक्षा 5)व कन्या उच्च प्राथमिक स्तर में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्बा कोटरा की कार्तिक(कक्षा 7) को विजेता घोषित किया गया जिनको एआरपी सुनील कुमार, डॉ मोहम्मद रिजवान, उमेंश कुमार द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रमाणपत्र दिया गया।

# कमजोर निर्यात से मूंगफली तेल में मंदी के आसार

**श्री सुरेश भाई ठक्कर**

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा आगामी महीनों के दौरान मूंगफली और इसके तेल की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है। इस बार मूंगफली का शानदार उत्पादन होने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं।अब तक मूंगफली तेल का निर्यात कमजोर दिख रहा है। सबसे प्रमुख उत्पादक प्रांत गुजरात में मूंगफली का उत्पादन पिछले साल के 30-35 लाख टन से उछलकर इस वर्ष 42-45 लाख टन तक जाने का आकलन है।सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 1357 रुपये प्रति 20 किलो (6783) रुपये प्रति क्रिंटल) निर्धारित किया है। मगर थोक मंडियों में इसका भाव 1050-1200 रुपये प्रति 20 किलो के बीच ही चल रहा है।इसे देखते हुए उत्पादकों ने आगे दाम बढ़ने की आशा से मूंगफली का स्टाक रोकना शुरू कर दिया है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीदना आरंभ कर दिया है जिससे कीमतों में कुछ मजबूती आने की उम्मीद है।
किसान सस्ते दाम पर अपना उत्पाद बेचने के लिए तैयार नहीं है। इससे मिलर्स की कठिनाई बढ़ गई है क्योंकि मूंगफली तेल की घरेलू एवं निर्यात मांग कमजोर है क्योंकि चीन तथा अफ्रीकी देशों नाइजीरिया, सूडान एवं घाना में भी उत्पादन बढ़ने से भारतीय मूंगफली का निर्यात प्रभावित हो रहा है।मूंगफली का भाव बढ़ने पर निर्यात और भी प्रभावित हो सकता है। भारतीय मूंगफली तेल का निर्यात आफर मूल्य करीब 900 डालर प्रति टन चल रहा है कि अफ्रीकी देशों के निर्यातक 750-800 डालर प्रति टन की आफर कर रहे हैं।घरेलू बाजार में मूंगफली तेल का दाम खेरची में 160-170 रुपये प्रति किलो चल रहा है। जबकि आगामी समय में इसमें पांच से 10 रुपये तक की कमी आ सकती है। शुक्रवार को भी थोक मार्केट में मूंगफली तेल में ऊंचे दामों पर ग्राहकी का सपोर्ट नहीं मिलने से कीमतों में नरमी रही।मूंगफली तेल इंदौर 10 रुपये घटकर 1460-1480 रुपये प्रति दस किलो रह गया। वहीं सोया तेल में जोरदार मांग रहने और सप्लाई टाइट होने के कारण भाव में तेजी रही।सोयाबीन तेल इंदौर 10 रुपये और बढ़कर 1245-1250 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गया। मंडी में सोयाबीन 4200 से 4250 रुपये और सरसों निमाड़ी 5900-5950, एवरेंज सरसों 5500 से 5600 रुपये क्रिंटल बिकी।

प्रधान आरक्षक रिश्वत लेते हुआ ट्रेप -

# जमानत देने के नाम पर आरोपियों से मॉग रहा था 15 हजार की रिश्वत






शिकायतकर्ता 02, आरोपी - सीधी।

भ्रष्टाचार के प्रकरण में पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद के निर्देशन में लोकायुक्त संभाग रीवा की ट्रैप कार्यवाही 27 दिसम्बर को देर रात की गयी। दिवाकर प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम खड्डी खुर्द चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन की शिकायत पर बृजेश तिवारी प्रधान आरक्षक चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन सीधी को रिश्वत राशि 15 हजार रुपए लेते हुए रंगे हॉथो धर दबोचा गया।बताया गया कि शिकायतकर्ता दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के घर ग्राम खड्डी खुर्द थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी में आरोपी पूर्व के वार्तालाप के अनुसार गोपनीय ढंग से पहुॅचा था। जहॉ पहले से लोकायुक्त पुलिस रीवा जाल बिछा कर आरोपी का इंतजार कर रही थी और रिश्वत की राशि हॉथ में लेते ही लोकायुक्त पुलिस ने तुरंत धर दबोचा। प्रमेंद्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त ने बताया कि आरोपी बृजेश तिवारी प्रधान आरक्षक ने शिकायतकर्ता दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के लड़के और भांजे की जमानत देने के लिए 15,000 रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा द्वारा सत्यापन कराया गया, शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से15,000 रुपए रिश्वत मांगे थें। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देशन में 12 सदस्यीय टीम गठित कर आरोपी बृजेश तिवारी प्रधान आरक्षक चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया गया है। टीम के ट्रेपकर्ता अधिकारी प्रमेंद्र कुमार कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्यवाई को सफलतम गति प्रदान की गयी।

# सफाई मित्रों के लिए क्षमता वर्धन कार्यशाला का किया गया आयोजन

सीधी नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा एक क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन अटल ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें सभी सुपरवाइजरो, सफाई मित्रों और सभी संबंधी सेनेटरी स्टॉफकी उपस्थिति रही। यह क्षमता वर्धन कार्यशाला सफाई मित्रों के कुशल प्रशिक्षण, उनकी सुरक्षा, संरक्षा तथा स्व'छ सर्वेक्षण 2024 को मद्देनजर देखते हुए किया गया। सेनेटरी सफाई मित्र हमारे पूरे शहर की सफाई करते हैं अतः इनकी सुरक्षा एवं बेहतर जिंदगी जीने के लिए एक क्षमता वर्धन कार्यशाला का होना बहुत आवश्यक होता है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी के आदेशानुसार एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में इनकी सफाई कैसे रखें, सफाई सुरक्षा उपकरण का उपयोग कैसे करें जैसे यदि हम सफाई सड़क पर कर रहे हैं तो रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनना आवश्यक है, अगर नाली की सफाई कर रहे हैं तो गमबूट और हैंड ग्लव्स, मास्क पहनना आवश्यक है। पीपीटी के माध्यम से लोगों को समझाइश दी गई जिससे इन लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। साथ ही साथ स्व'छ सर्वेक्षण के मुख्य पैरामीटर सड़क कैसी होनी चाहिए, डिवाइडर कैसा होना चाहिए, साफसर्किट कैसा होना चाहिए, नालिया कैसी स्व'छ रहनी चाहिए, नालियों में जालियों का प्रावधान होता है कि कचरा वही रुक जाए पूरी नाली की साफसफाई न करना पड़े, इन सारे बिंदुओं की कवरेज की गई जिसमें सभी लोगों ने आनंदपूर्वक शिरकत किया। उन्हें इस 1 घंटे के कार्यशाला में बहुत ही प्रभावशील जानकारी मिली और सभी सफाई मित्रों ने इसे अ'छी तरह से समझा। कार्यशाला में मुख्य रुप से स्व'छता विशेषज्ञ अमित सिंह आई.ई.सी टीम, दरोगा सफाई मित्रों आदि के साथ यह सभी लोग मौजूद रहे। ब्रांड एंबेसडर मानिंद शेर अली खान की अहम भूमिका रही।

# ठाकरे, जेटली और पटवा भारत माता के अनमोल रत्न :के के तिवारी

भाजपायों ने अर्पित की पुष्पांजलि



सीधी। भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा की पुण्यतिथि एवं अरुण जेटली की जन्म जयंती पार्टी कार्यालय में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई।पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी ने श्री ठाकरे, जेटली, पटवा को अपनी पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा कि यह त्रिदेव भारत माता के स'चे अनमोल रत्न हैं। श्री ठाकरे ने कार्यकर्ताओं को संगठन चलाने की अद्भुत कला सिखाई वहीं जेटली ने सूचना क्रांति के रूप में डिजिटल से युक्त भारतीय जनमानस को किया और पटवा ने मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज त्रिदेव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हम सभी को उनके जीवन दर्शन से भारत माता की सेवा के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए।पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, विश्ववंधुधर द्विवेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, अमित प्रधान, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, निशांत मिश्रा, पूनम सोनी सहित अन्यजन मौजूद रहें।

# बेमौसम बारिश ने किया किसानों को चिंतित, खरीदी केंद्रों में रखी लाखों की धान हुई गीली



सीधी। शनिवार को जिले में सुबह से हो रही बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है। बारिश के चलते खरीदी केंद्रों में रखी लाखों क्विंटल धान भीग गई है। केंद्रों में मौसम की मार से बचाने के उपाय नहीं होने से किसान खुद किसी तरह तिरपाल ढ़ककर बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी जबाबदेह अधिकारी कर्मचारियों की घोर लापरवाही उजागर हुई है। साथ ही पूर्व की भॉति हुई नुकसानी की भरपाई के लिये एक बार फिर कागजी घोड़े दौड़ाये जायेगें अंत में पूरी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी जायेगी। शनिवार को जिले में सुबह से ही बेमौसम बारिश का दौर जारी रहा। जिससे शहर से लेकर गॉव तक का जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। वहीं बेमौसम हुई वर्षा से कुछ किसानों के चेहरे पर खुशी है तो कहीं कुछ को नुकसान पहुंचा है। जिले में हुई बारिश के चलते खुले में पड़ी सहकारी समितियों की लाखों क्विंटल धान भीग कर खराब हो गई।

**भुईमाड़ में दिखावे के लिये लगी तिरपाल** - जिले के कुसमी विकासखंड के भुईमाड़ में संचालित खरीदी केंद्र में प्रशासन की लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां किसानों से खरीदे गए धान के बोरे खुले आसमान के नीचे रखे गए हैं। प्रशासन ने बारिश से बचाव के लिए तिरपाल लगाने का प्रबंध तो किया, लेकिन यह इंतजाम आधा अधूरा एवम लापरवाही पूर्ण साबित हुआ है। शनिवार को हुई बारिश के कारण रखा हुआ धान भीग गयी

# कुसमी पुलिस ने 5 पांच हजार के इनामी आरोपी को छ.ग. से लिया गिरफ्त में



सीधी। थाना कुसमी में एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार आरोपी राजकुमार उर्फ राजू झांसी ग्राम जैती चौकी कुआंरपुर थाना जनकपुर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार करने के लिये कुसमी पुलिश ने काफी प्रयास किया किंतु आरोपी लगातार फरार रहते हुए जगह बदलते रहा और पुलिस की ऑखो में धूल झोंकता रहा। जिसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीधी ने 5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया। अततः कुसमी थाना प्रभारी भूपेश कुमार बैस ने सूत्रो से मिली जानकारी के आधार पर छत्तीगढ़ से आरोपी को दबिस देकर पकड़ लिया।



## रीवा में नकली पुलिसकर्मी बनकर घूम रहीं दो लड़कियां गिरफ्तार, लाड़ली पथ पर कर रही थीं शिकार की तलाश



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

रीवा। रीवा में नकली एसआई और आरक्षक बनकर शहर में घूम रहीं दो युवतियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरुवार रात ये दोनों लड़कियां पुलिस की वर्दी पहनकर लाड़ली पथ पर घूम रही थीं और लोगों पर धाक जमा रही थीं। गतिविधियां संदिग्ध लगने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद इन्हें पकड़ा गया। वहीं उनकी मदद कर रहा साथी युवक मौके से फरार हो गया।

**दो दिन से वर्दी में घूम रही थीं ये दोनों लड़कियां**-सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि ये युवतियां बीते दो दिनों से पुलिसकर्मी की वर्दी में करहिया इलाके में लाड़ली लक्ष्मी पथ पर घूम रही थीं और वर्दी का दुरुपयोग कर ठगी का प्रयास कर रही थीं। इनकी हरकतें संदिग्ध लगने पर एक स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस और कोड रेड टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**जांच में सामने आए तथ्य**-प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये युवतियां वर्दी पहनकर लोगों को धमकाकर उनसे पैसे वसूल रही थीं। एक युवक भी उनके साथ था, जो युवतियों की मदद कर रहा था। पुलिस के पहुंचते ही युवक मौके से फरार हो गया। फिलहाल दोनों को थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये युवतियां कितने समय से यह काम कर रही थीं।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा ग्राम ऊमरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की सहायता से खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा ग्राम ऊमरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के केमिस्ट सौरभ भारद्वाज द्वारा मसालों, दूध एवं दुग्ध पदार्थों सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करके विद्यार्थियों को मिलावट के प्रति जागरूक

## आलोट बारिश के साथ ओलावृष्टिः मावठे की बारिश से किसानों को सता रहा है नुक़सान का डर, मौसम विभाग ने पूर्व में ही जारी की एडवाइजरी।



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट। पिछले तीन दिनों से लगातार मौसम खराब रहा जिसका असर आज देखने को मिला,शुक्रवार शाम 5ः00 बजे ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश शुरू हो गई, इस बारिश का असर क्षेत्र भर में कमोबेश देखा गया। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पूर्व में एडवाइजरी जारी कर रखी थी।बे मौसम बारिश से फसलों में हो सकता है नुकसान।आज आलोट क्षेत्र में बे मौसम बारिश हुई है इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र भर में करीब 30 मिनट तक जोरदार बारिश होती रही। शुक्रवार सुबह से ही क्षेत्र में तेज हवाएं चल रही थी, धतुरिया के किसान मोहन सिंह राठौड़ ने बताया है मावठे की बारिश से प्याज की फसल में नुकसान होगा। जहां पानी की कमी है वहां के किसानों गेहूं,चने सहित अन्य फसलों में यह की बारिश फायदेमंद साबित होगी।

## 10 फीसदी से अधिक फीस बढाने वाले विद्यालयों पर 50-50 हजार का जुर्माना




**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयो का विनियम) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के प्रावधानो के तहत कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में निजी विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत जवाब के परीक्षण उपरांत 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि करने वाले विद्यालयों पर 50-50 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग, सहायक संचालक श्री यश जैन, सहायक कोषालय अधिकारी श्री विजय यादव आदि अधिकारी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निजी विद्यालयो को विगत 4 वर्षो की फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये थे, उक्त क्रम में फीस पोर्टल पर 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि करने वाले 25 निजी विद्यालयों पर 50-50 हजार रूपये का अर्थदण्ड किया गया है।

### भगवान शंकर की आराधना से ही मुक्ति का द्वारा मिलता हे

# दक्ष कन्या मा सती ने अपने तप के बल से भगवान शंकर को प्रप्राप्त कर लिया ,,,,,,,,,,पंडित मनमोहन कश्यप अग्निहोत्री

**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी आलोट**

भगवान शंकर की निष्काम साधना एवं आराधना से मुक्ति के द्वार पर पहुंचा जा सकता हे माता सती ने राजा दक्ष के यहां कन्या के रूप में जन्म लिया और बाल्यकाल से ही भगवान शंकर की आराधना एवं कठोर तप किया और भगवान शंकर को प्रसन्न कर पति के रूप में पाया उनकी साधना से ही भक्ति एवं मुक्ति का द्वार खुलता हे उक्त विचार मालवा माटी उज्जैन के संत पंडित मनमोहन जी कश्यप अग्निहोत्री ने भगवान अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन व्यक्त किए उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि मनुष्य को व्यसनों से दूर रहना चाहिए गलत व्यसन से तामसिक प्रवृति उत्पन्न होनी हे जो मनुष्य को पतन की ओर ले जाती हे उन्होंने बताया कि नारी में शक्ति का निवास होता हे जब वह भोजन बनाती हे तो मां अन्नपूर्णा के रूप में विवाह कर लाते हे तो बहु के रूप में ओर शयन कक्ष में पत्नी के रूप में रहती हे ओर पूजा के समय लक्ष्मी के रूप में रहती हे इसलिए जहां जहा नारी की पूजा होती हे









वहां वहां देवता निवास करते हे तीसरे दिन की कथा में शिव विवाह का आयोजन हुआ जिसमें भगवान शंकर एवं माता **पार्वती के पात्र अनिल भरावा एवं रीना भरावा बने** -भगवान अनादि कल्पेश्वर मंदिर से शिव बारात भूत प्रेत एवं देवताओं के साथ कथा प्रांगण पहुंची जहां शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ इस अवसर पर शिवभक्तों ने नृत्य कर पुष्प वर्षा से बारात का स्वागत किया

आज की कथा यजमानी का लाभ पूर्व नगर परिषद अधिकारी अशोक शर्मा ने लिया इस अवसर पर मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष केदार मल काला,सदस्य मनीष पांचाल,राजू गुप्ता, कुलदीप सांवरिया,मंदिर के पुजारी तरुण व्यास,अंकित रावल,राजू रावल,महिला भक्त मंडल के करुणा पांचाल,विद्या सोनी, सुमन देवी जांगलवा,नीलम जांगलवा,रेखा मकवाना,हेमलता सोनी,सुनीता मेहता,शारदा पहाड़िया,भाटी मैडम,शिव भक्त मनोहर लाल अरोड़ा,संजय काला, भवानी शंकर राठौर,नीलेश निगम, माया भाई,आदि उपस्थित थे।

## अमहिया पुलिस की कार्यवाही, मोबाइल चोर, चोरी किए गए 02 मोबाइल सहित हुआ गिरफ़्तार

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ रितु उपाध्याय के मार्गनिर्देशन मे थाना प्रभारी अमहिया उप निरीक्षक शिवा अग्रवाल एवं स्टाफ द्वारा शास्त्रीनगर अमहिया से दिनांक 20/01/24 को घर से चोरी हुए 02 नग मोबाइल को जप्त कर आरोपी लालू उर्फ पवन स्वीपर (बैरिहा)पिता छकौड़ी लाल उम्र 45 वर्ष निवासी धोबिया टंकी थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा को गिरप्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1- लालू उर्फ पवन स्वीपर (बैरिहा)पिता छकौड़ी लाल उम्र 45 वर्ष निवासी धोबिया टंकी थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा

**जप्त मसरुका**


1-02 अदद मोबाइल ओप्पो कंपनी के कीमती - 25000/-

**महत्वपूर्ण भूमिका-**

थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, प्र0आर0 273 विनोद चतुर्वेदी, आर पीयूष मिश्रा, विक्रम वर्मा, आर. विकास तिवारी, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पढ़ाई का स्तर बेहतर होने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने की प्रसन्नता जाहिर

**छिंदवाड़ा/संवाददाता मारुति लाल विश्वकर्मा**
**मो9302168920**



छिन्दवाड़ा// कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन पर जिले में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिये लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं जेईई व नीट की कक्षाओं का संचालन भी किया जा रहा है, जिसके बेहतर परिणाम भी नजर आने लगे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने शालाओं के निरीक्षण के दौरान सुधार दिखाई देने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने तुर्कीखापा और सारंगबिहरी का निरीक्षण किया, जहाँ दोनों उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत मिली। वहीं सभी शिक्षक भी उपस्थित थे। संस्थाओं में जेईई व नीट की कक्षाएँ विधिवत संचालित मिली, तो लैब और स्मार्ट कक्षाएँ भी संचालित है। प्राथमिक शाला तुर्कीखापा में बच्चों से अध्यापन कराया गया तो सभी छात्रों ने तेजी से प?कर सुनाया। शिक्षा का स्तर बेहतर मिलने से डीईओ ने प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही उन्होंने यहाँ ओपन परीक्षा अंतर्गत रूक जाना नहीं के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण सहायक संचालक डी.पी.डेहरिया के साथ किया गया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी, एसएएफ, नोनिया करबल तथा श्रीनाथ स्कूल का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

## तेज बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ी : मऊगंज में धान खरीदी केंद्र में खुले में रखा धान भीगा

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



मध्य प्रदेश के कई जिलों में हो रही तेज बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मऊगंज जिले में धान खरीदी केंद्रों पर खुले में रखा धान तेज बारिश के कारण भीग गया है। किसानों की मेहनत से उगाई गई फसल को नुकसान पहुंचने का खतरा अब गहराता जा रहा है। जिले में धान की खरीदी का काम जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन खरीदी केंद्रों पर धान को सुरक्षित रखने के उचित प्रबंध नहीं किए गए हैं। खुले में रखा गया धान बारिश की चपेट में आ गया है, और तिरपाल की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। किसानों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस उपाय नहीं किया, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।कुछ किसानों ने बताया कि धान बेचने के लिए समितियों में जमा करना ही मुश्किल हो रहा है। सामिति प्रबंधकों द्वारा तौल के नाम पर प्रति बोरी ?5 और ट्रैक्टर पर ?500 से ?1000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सरकार द्वारा इन समितियों को हर साल लाखों रुपए दिए जाते हैं, लेकिन यह पैसा कहां और कैसे खर्च होता है, यह सवाल अब खड़ा हो रहा है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करे और धान को सुरक्षित रखने के बेहतर प्रबंध किए जाएं। साथ ही, अवैध वसूली करने वाले दलालों और समितियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलसी

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत-बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव अमखेड़ा लखनऊ निवासी 35 वर्षीय रानी देवी पत्नी प्रेमपाल शनिवार को अपने पति के साथ खेत पर खाद का छिड़काव करने गई थी इसी बीच खराब मौसम होने के चलते महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे महिला बुरी तरह झुलसकर गम्भीर घायल हो गई परिवार वालों ने महिला को आगन फानन मे जिला अस्पताल ले गये जहां महिला की गंभीर हालत के देखते हुए डॉक्टरों ने बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वही महिला की हालत गंभीर बनी हुई दिखाई दी।



## लोकायुक्त ने तहसीलदार को 7000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा सोनकच्छ निर्वाचन शाखा में अटैक शिक्षक के माध्यम से तहसीलदार ने ली रिश्वत तहसीलदार ने पंचनामे पर हस्ताक्षर नहीं करने की दी थी

लोकायुक्त ने तहसीलदार को 7000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा सोनकच्छ निर्वाचन शाखा में अटैक शिक्षक के माध्यम से तहसीलदार ने ली रिश्वत तहसीलदार ने पंचनामे पर हस्ताक्षर नहीं करने की दी थी धमकी डीएसपी बोले नहीं करोगे तो जेल भेज दूंगा देवास नामांतरण करवाने के नाम पर कांग्रेस नेता से?7000 की रिश्वत मांगने वाले घुस खोल तहसीलदार मनीष जैन को उज्जैन लोकायुक्त ने रंगे हाथो पकड़ाया तहसीलदार ने निर्वाचन शाखा में प्राथमिक शिक्षक के माध्यम से रिश्वत ली डीएसपी सुनील तालन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन संभाग अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में लोकायुक्त इकाई उज्जैन को शिकायत प्राप्त हुई थी आवेदक रविंद्र दांगी या पिता सज्जन सिंह निवासी ग्राम सांवेर ने शिकायत की उसके नाम ग्राम कुमारिया राव इंदौर भोपाल रोड पर भूमि है जिसके नामांतरण के लिए लोक सेवा कार्यालय सोनकच्छ में एक महापूर्व आवेदन किया था यहां पर जयसिंह परमार ने तहसीलदार से काम करवाने का बोला इसके बावजूद कल ?7000 की मांग की गई इस शिकायत का सत्यापन पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन द्वारा डीएसपी तालन से कराया तो शिकायत सही पाई गई शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन विश्वकर्मा द्वारा दल गठन किया गया तहसील परिसर सोनकच्छ में पहले प्राथमिक शिक्षक जय सिंह परमार ने आवेदक से राशि प्राप्त की और तहसीलदार मनीष जैन को ले जाकर उनके चेंबर में दी तो आसपास तैनात



लोकायुक्त टीम ने दोनों को रिश्वत की राशि?7000 पकड़ लिया उधर तहसीलदार जैन ने रिश्वत के रुपए पकड़ाये तब लोकायुक्त डीएसपी को कहा कि यहां मेरे रुपए है इस पर डीएसपी ने कहा कि नोट पर नंबर की सीरीज पर हम देख लेते हैं उसके बाद नोट सीरीज जो की लोकायुक्त ने आवेदन को दी थी उससे मैच पी गई नायब तहसीलदार लखन लाल लखन लाल सुनानिया वह अन्य लोग तहसीलदार के घर से कपड़े लेकर आए व वहां तैनात कर्मचारियों ने तहसीलदार के कपड़े तहसीलदार कक्ष मैं भेज उधर लोकायुक्त ने तहसीलदार के कपड़े जप्त किए हैं कार्रवाई के दौरान डीएसपी राजेश पाठक निरीक्षक हिना डाबर प्रधान आरक्षक हितेश लालावत आरक्षक इसरार खान संदीप उमेश श्याम शर्मा महेंद्र मौजूद थे तहसीलदार जैन ने लोकायुक्त द्वारा पकड़े जाने पर कहा कि यह मेरे रुपए नहीं है मेरे बाबू मुझसे रुपए मांगते हैं तो मैं दे देता हूं इस व्यक्ति ने उसे रुपए दिए तो उसने मुझे उधारी लीथी तो वह देने आया है और यह रुपए मेरे है मैं किसी भी कागज पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता आप सिद्ध करिए कि यह रुपए रिश्वत है तब डीएसपी पाठक ने कहा कि आप सिद्ध करो हम सिद्ध नहीं करेंगे हमने एफ ए दर्ज कि इस दौरान तालान ने कहा कि आप पर एफ एफ आई आर दर्ज हुई है साथ ही जो नोट पर केमिकल लगाया हुआ था आपके हाथ हल्के रंगे हुए मिले हैं वही पंचनामे मैं लिखेंगे फिर भी तहसीलदार हस्ताक्षर करने को राजी नहीं हुए यह देखते हुए डीएसपी तालान सख्त रवैया अपना ते हुए कहा कि चोरी ऊपर से सीना चोरी मत कीजिए एफ आईआर दर्ज हे हस्ताक्षर नहीं करोगे तो जल भेज दूंगा तहसीलदार जैन ने पेट की जेब में रुपए रखे थे उसे जब्त किया गया

# पुलिस के थाना ओरछा पुलिस द्वारा लूट के आरोपियों को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**

पुलिस अधीक्षक निवाडी डॉ. राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक निवाडी श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओरछा निरी, रामबाबू शर्मा व चौकी प्रभारी चकरपुर उनि. अजान सिंह को चौकी चकरपुर क्षेत्रातंर्गत हाईवे पर मुस्कान ढावा के पास अज्ञात आरोपियों द्वारा लूट की बारदात की सूचना मिलने पर अप.क्र. अपराध क्र. 385/24 धारा 309 (4) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये, पुलिस अधीक्षक निवाडी के द्वारा अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु टीमे गठित कर शीघ्र अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 27.12.24 को फरियादी मेवालाल यादव अपने साथियों के साथ अपने घर से भूसा भरने ललितपुर गये थे जैसे ही भूसा कर चकरपुर में मुस्कान ढावा के पास हाईवे पर रात्री करीबन 11.30 बजे पहुंचे तो सामने एक पल्सर काले लाल रंग की विना नम्बर की मोटरसाईकिल पर बैठकर आये तीन अज्ञात बदमाशो ने ट्रेक्टर के आगे खडी कर दी । जिससे हम लोगो ने ट्रेक्टरों को रोक दिया। तीनो बदमाशों के चेहरे खुले थे। उनमें से एक पतला सांवला सा लडका



मोटरसाईकिल चला रहा था। बीच में एक मोटा सा लडका था जो हकी लिये था एवं पीछे एक पतला लडका जो हाथ में बंदूक लिये था। उन लोगो ने हम लोगो से ट्रेक्टरों से नीचे उतरने को वोला। जब हम लोग ट्रेक्टर से नीचे उतर आये तो मेरी पेंट की जेब में रखे नगदी 15 हजार रुपये करीबन व मेरे पीछे वाले पावरट्रेक ट्रेक्टर पर कृपाराम अहिरवार का मोबाईल फोन व 7 हजार रुपये करीबन एवं शंकर परिहार का मोबाईल फोन व 2 हजार रुपये करीबन रायफल से गोली मारने की धमकी देकर छीन लिये और वह लोग मोटरसाईकिल से हम लोगो को लूटकर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 385/24 धारा 309(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपियो की गिरफ्तारी** - पुलिस अधीक्षक निवाडी द्वारा गठित टीम द्वारा 24 घण्टे के अंदर लूट के अज्ञात आरोपियों को दस्तयाव कर माल मशरूका बरामद किया गया। आरोपी चकरपुर क्षेत्र व सीमावर्ती राज्य उ.प्र. के निवासी है। 1. आरोपी सचिन राजपूत पिता राम सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी चकरपुर 2. अनिल राजपूत पिता लखन राजपूत उम्र 19 साल निवासी चकरपुर 3. रोहित पिता पप्पू अहिरवार उम्र 21 साल निवासी आरा मशीन थाना बबीना जिला झांसी उ.प्र.

**जप्त मशरूका**- 1. आरोपी सचिन राजपूत पिता राम सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी चकरपुर से एक हॉकी आरोपी सचिन पिता राम सिंह निवासी चकरपुर पर पूर्व के 06 अपराध पंजीबद्ध है, लूट के बचे हुए?4000, आरोपी का मोबाइल व पी?त पक्ष का एक मोबाइल एवं अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई, 2. आरोपी अनिल राजपूत पिता लखन राजपूत उम्र 19 साल निवासी चकरपुर से अपराध में प्रयुक्त चिड़िया मार एक बंदूक, लूट के बचे हुए ?4000, एवं आरोपी का एक मोबाइल जप्त किया गया, 3. आरोपी रोहित पिता पप्पू अहिरवार उम्र 21 साल निवासी आरा मशीन थाना बबीना से पीड़ित का एक मोबाइल व आरोपी का एक मोबाइल एवं लूट के बचे हुए ?4000 जप्त किए गए। कुल मशरूका जप्त 114000 रू. आरोपीगणो से जप्त किया।

## श्योपुर के गांधी पार्क पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.डॉ.मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस जनों ने गहरा दुख व्यक्त किया। शनिवार को श्योपुर शहर के गांधी पार्क पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा आज देश ने एक ईमानदार नेता और बेहतरीन अर्थशास्त्री को खो दिया। डॉ मनमोहन सिंह जी ऐसी शख्सियत थे जिनका सम्मान पूरा विश्व करता था। कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने कहा जब पूरा विश्व की अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी उस समय डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतवर्ष अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान की।विधायक प्रतिनिधि सिराज दाऊदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कि श्रद्धांजलि अर्पित: 2 मिनट का मोन रख कांग्रेस कार्यकर्ता बोले, सिंह की सादगी और ईमानदारी विश्व के लिए प्रेरणा बनेगी।



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट। गुरुवार रात्रि में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ,मनमोहन सिंह का निधन हो गया उनकी मौत की खबर के बाद देशभर में शोक की लहर है।पूर्व प्रधानमंत्री डॉ, मनमोहन सिंह के निधन पर आलोट में शनिवार को नेहरू उद्यान नगर परिषद मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि दी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दो कांग्रेस नेता बाबू सिंह आंजना ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक सरल, सौम्य और ईमानदार नेता थे। देश ने एक महान अर्थशास्त्री और सच्चे देशभक्त को खो दिया। उनका योगदान भारत के आर्थिक और सामाजिक उत्थान में सदैव स्मरणीय रहेगा।आर्थिक संकट के दौरान डॉ, मनमोहन सिंह का नेतृत्व देश के लिए वरदान साबित हुआ।उनकी सादगी और दूरदर्शी सोच ने भारत को नई दिशा दी। सूचना क्रांति,मनरेगा, किसानों की कर्ज माफी और शिक्षा के अधिकार जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए। उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाया। डॉ. मनमोहन सिंह की सादगी और ईमानदारी पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बनेगी।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाम आंखों से दी श्रद्धांजलि**-ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोवर्धन सिंह तंवर,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह परिहार,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शंकर सिंह परिहार,ब्लॉक कांग्रेस मिडिया प्रभारी योगेश निगम,पुर्व जनपद सदस्य बाबु सिंह आंजना, कैलाश परमार,महेश निगम,दिपक झंडी,राहुल जायसवाल,महेश निगम,अनुपम अरोड़ा,अशोक परमार,पवन पोरवाल आदी ने उपस्थित हो कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अमृतसर इब्बन चर्च में हजारों लोगों ने क्रिसमस बड़ी धूम-धाम से मनाया।





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

पंकज रंधावा मिनस्टरी में हजारों लोगों के साथ क्रिसमस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया।परमेश्वर के दास पास्टर पंकज रंधावा जी ने लोगों को पवित्र वचन दिया, बीमारों के लिए खास प्रार्थना की और लोगों ने चंगाई को ग्रहण किया। इस मौके पर चर्च के प्रधान गौतम राज जी, पास्टर वनी जी, दर्शन भटी, पास्टर दीपक शामिल हुए। इस मौके पर पंजाबी कलचर गिद्धा, भांगड़ा और बच्चों ने सुंदर डांस प्रफामैंसिस की,चर्च में सुंदर डैकोरेशन की गई।इस मौके पर मार्निंग सनैकस में पेस्ट्री,पैटीज, पकौड़े, फरूट-चाट, चाय, काफी और लंच में अलग-अलग तरह के पकवानों का लंगर लगाया गया।

## आज किया जाएगा भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का वर्णन

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




सीहोर। भक्ति रस का नशा सबसे बड़ा नशा है। जो भक्ति रस में डूब जाता है उसकी नैया खुद ही प्रभु किनारे लगा देते है। अपने माता पिता गुरुओं को आदर सत्कार अपना धर्म समझ कर करना चाहिए। शबरी की कथा भगवान के प्रति भक्ति और प्रेम का एक मानक प्रस्तुत करती है। शबरी ने अपनी प्रतीक्षा के बल पर राम को प्राप्त किया है, वहीं गोपियों ने अपने भक्ति रस से भगवान उस अविनाशी को अपने निकट पाया है। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी स्थित मैदान पर गोदन सरकार सेवा समिति हनुमान मंदिर सीहोर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिवस संत गोविन्द जाने ने कहे। शनिवार को आसमान पर बादल छाए हुए थे, सुबह हल्की बारिश के बावजूद भी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा स्थल पर कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा और मध्यप्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी पहुंचे। संत गोविंद जाने ने अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। आस्था से ओतप्रोत श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण और रामजी के चरित्र का वर्णन करते हुए प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने भगवान राम के नाम के प्रभाव के बारे में बताया कि राम ने तो केवल एक अहिल्या का उद्धार किया पर रामजी के नाम सुमिरन से करोड़ों जीवों का कल्याण हो गया। राम सेतु निर्माण के समय भगवान का नाम लिखने से पत्थर भी तैर जाते हैं। रामजी के भजन के साथ माता, पिता, सास, ससुर की सेवा करें, यही सच्चा पुण्य है। जिसके साथ कोई नहीं होता है, उसके साथ ईश्वर होता है। उन्होंने कहा कि शबरी बनकर बैठों राम अवश्य मिलेगा। शनिवार को भागवत कथा के दौरान संत गोविन्द जाने ने भगवान शिव और भगवान श्री कृष्ण का प्रसंग का वर्णन किया। अधर्म पर धर्म की विजय के लिए श्रीमद् भागवत कथा अमृतवाणी का रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाएं, ऐसा संयोग जीवन में जब भी मिले, उसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। श्रीकृष्ण की जीवन लीला जन्म के साथ ही संघर्ष से भरी रही है, लेकिन वह हमेशा मुस्कराते और बंशी बजाते रहते थे। दूसरों को भी समस्याओं को ऐसे ही मुस्कराते हुए सुलझाने की सीख देते थे। विषम परिस्थिति में भी हम सुखी रह सकते हैं, अगर मन यह मान लें कि दुख है ही नहीं। दुख होते हुए भी न हरि को भूलो न जग छोड़ो।

## डी बी सी पी एल द्वारा अग्निशमक प्रशिक्षण आयोजित।



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

आज देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन द्वारा टोल प्लाजा पर अग्निशमक प्रशिक्षण नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस जी राठौड़ के सहयोग एवं नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित सिंह जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डी बी सी पी एल परियोजना संचालक श्री अजय मिश्रा ने बताया कि, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ( एम पी आर डी सी) ने विगत दिनों में राजस्थान मे हुवे सड़क हादसे मे लगे वाहन में आग एवं जन हानि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए एवं इस प्रकार के सड़क हादसे की पुनरावृति के रोक थाम के लिए फोर लेन प्रबन्धन के टोल प्लाजा आप्रेशन एवं सड़क रख रखाव मे कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमक प्रशिक्षण के लिए निर्देशित किया था। जिला सीहोर नगर पालिका के अग्निशमक प्रशिक्षक स्वदेश विश्वकर्मा जी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं सड़क पर कार्य करने वाले वालंटियर को आग के प्रकार, आग से बचाव, आग लगने पर वर्ती जानें वाली सावधानियों, एवं आग लगने पर उपयोग किए जाने वाले अग्निशमक संसाधनों के बारे में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर सड़क रख रखाव अधिकारी पियुष सिंह, नितिन अग्रवाल, प्लाजा प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह, दिनेश पाटिल, सुरक्षा अधिकारी सचिन सिंह, फायर वाहन चालक आरिफ खान, फायर मैन कैलाश मालवीय, सहायक महेन्द्र यादव सी एस आर प्रबंधक आदि सभी कर्मचारी एवं सम्माननीय उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय में दी गई कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मनोज सिंह**



टीकमगढ़। आज स्थानीय नवीन भाजपा कार्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी नवीन कार्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे की भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि करते हुए श्रद्धांजलि दी, उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे जी के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि कुशाभाऊ जी नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरे जी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। कुशाभाऊ ठाकरे जी जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।वहीं भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में संगठन पर्व मनाया गयाजिसे मुख्य निर्वाचन अधिकारी कांत देव सिंह सदानंद गौडबेल ने लगभग 41 कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन में हिस्सा लिया एवं अपनी अपनी बात पर्यवेक्षकों के समक्ष रखी । संचालन भाजपा जिला महामंत्री आशुतोष भट्ट ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला चुनाव प्रभारी कांतदेव सिंह, पर्यवेक्षक सदानंद गोडवोले, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अभय प्रताप यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बेबी राजा, कौशल किशोर भट्ट व गोविंद बिहारी अग्रवाल, भाजपा महामंत्री अश्विनी चढ़ार, पूरनचंद्र लोधी व आशुतोष भट्ट,बृजकिशोरर्तिवारी छत्रपाल छोटू राजा, प्रतेंद्र सिंघई, सरोज राजपूत, रीतेश भदौरा,बलवीर जोशी, हरदेव सिंह , प्रफुल्ल द्विवेदी,अनीश खान, मुन्नालाल साहू, विश्व दीपक मिश्रा, वीरेंद्र परमार,रानू तिवारी,शक्ति सिंह राय, शिवचरण उटमालिया,पंकज प्रजापति, सूरज कड़ा, संदीप पायक,स्वप्निल तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कतरवार में टीबी के दस मरीज हुए चिंहित



सीधी।कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर अजय प्रजापति के मार्गदर्शन में कतरवार में सीएम जनकल्याण के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जिला से एक्सरे मशीन के डीटीओ विनोद तिवारी एवं डीपीओ प्रदीप उपाध्याय एवं उपेंद्र मिश्रा, एनम विमला लखेरा, परिवेक्षक सविता पाण्डेय, आशा एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद रहें। टीम के द्वारा 80 लोगो के बलगम की जांच एवं एक्सरे किया गया। जॉच के दौरान 10 लोगों टीबी पॉजिटिव पाया गया। आयोजित बैठक में एनीमिया मुक्त भारत के बारे में चर्चा की गई एवं शपथ ग्रहण करवाया गया, लोगो को आयुष्मान कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी देते हुये चर्चा की गई।

# देश में आर्थिक सुधारों के जनक डॉ.मनमोहन सिंह ने विकसित भारत यात्रा निर्माण की नीव रखी-डॉ.अनीस खान

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर। स्थानीय अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के 92 वर्ष के चलते दिल्ली के एम्स हास्पिटल में अनानयस निधन होने पर उनके चित्र पर पुष्प मालाऐं अर्पित करते हुए दो मीनट का मौन धारण रखकर सेवादल कांग्रेस जिला सीहोर द्वारा उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा मृतक आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री डॉ.अनीस खान द्वारा उद्बोधन में कहा कि देश में आर्थिक सुधारों के जनक डॉ.मनमोहन सिंह ने विकसित भारत यात्रा निर्माण की नीव रखी। गाँव की मिट्टी से निकले डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रोफेसर रिजर्व बैंक के गवर्नर भारत के वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री तक का सफर सादगीपूर्ण रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति



ब्राक ओवामा से लेकर विपक्ष के स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा देश के सभी पार्टी के नेता उनका आदर सत्कार कर वित्तीय मामलों में मार्ग दर्शन लिया करते थे। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह के निधन से पुरे भारती की आँखे नम हो गई है। उन्होने देश को आर्थिक संकट से उभारा है। उनके निधन पर भारत वासियों की व्यक्तिगत क्षति हुई है। इस अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. अनीस खान, नरेन्द्र खंगराले, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, पंकज शर्मा, दीपक सोनकर, पन्नालाल खंगराले, धरम प्रकाश आर्य, धन्नालाल परचौले, प्रकाश प्रजापति, श्याम मेवाड़ा, नारायण सिंह परिहार, अनिल भील ठाकुर, जयराम जाटव, सुनील आर्य, बद्री दसवंत, अनिल पुरविया, बबलु मैकेनिक, मानसिंह जांगड़े सहित सेवादल कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर...

### स्नेह के दिव्यांग बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व



**निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**नागदा ।** बौद्धिक दिव्यांगता के क्षेत्र में देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में सम्मानित एवं लायंस आफ नागदा की स्थायी परियोजना संस्था स्नेह द्वारा प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव ÷क्रिसमस÷ पर्व का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया । स्नेह के संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने बताया कि इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने सांता की वेशभूषा में तैयार होकर केक काटते हुए गिफ्ट एवं टाफियों का वितरण कर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया । बच्चों ने इस मोके पर नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति स्नेह आर्केस्टा के साथ दी । कार्यक्रम में उप निदेशक महेश चन्द्र राठौर, परियोजना अधिकारी विप्लव चौहान, डॉ. कविता सोनी, सुनील कुमार गौतम, जीवेन्द्र बिसेन, चन्दन सिंह शर्मा, रमेश सिलावट, गुडिया शर्मा, रंजीता तंवर, दीपिका भावसार, चेतना सक्सेना, राकेश सोनी, सविता उपाध्याय, पप्पू पनोला, गौरव नागर, लोकेश चौहान, पूजा खेरवार, दिनेश दस्लानिया आदि ने शामिल होकर बच्चों के साथ क्रिसमस को मानते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित क

### स्कूल की लडकियों को मिला निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण



**धार से संवाददाता मैना मारू**

सरदारपुर (भानगण). महिला विकास सस्न्था द्वारा सरदारपुर तहसील के ग्राम भानगण में रहने वाली लडकियों की शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया. स्कूल की पढाई बिच में छोड़ चुकी लडकियों को रोजगार के लिए प्रेरित किया. ग्राम भानगण में 20 लडकियों को सिलाई ट्रेनर अर्चना द्वारा सिलाई सिखाई जा रही है जिससे लडकिया सिलाई प्रशिक्षण लेकर अपने घर का गुजारा चलाते हुए अपनी पढाई भी लर रही है. लडकियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के उधेद्श से महिला विकास संस्था की अध्यक्ष मैना मारू ने बताया की लडकियों को आत्मनिर्भर बनाने के द्रष्टिकोण से सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए निऱ्शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केद्र की शुरुआत कि है सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से लडकियों को आत्मनिर्भर बन्ने का मौका मिलेगा लडकिया को रोजगार मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा. महिला विकास संस्था के प्रबंधक अनुप मिश्रा ने बताया कि बेटियों को निऱ्शुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढाने से सशक्त समाज का जहा निर्माण होगा. वही नारी सशक्तिकरण को बल भी मिलेगा इसके साथ-साथ आगे ब्यूटीशियन कोर्स, मेहँदी कोर्स भी शरू किया जायेगा जिससे गरीब परिवारों की लडकिया निऱ्शुल्क प्रशिक्षण ले कर आत्मनिर्भर बन सके.ी ।

### बालीपुर के पास ग्राम भोलियापुरा युवक यशवंत नर्गेश की ट्रेनिंग लेकर लौटा।



**बालिपुर से मनावर से रघुनाथ सेन**
**मनावर के समीप ग्राम भोलियापुरा**

निवासी युवक यशवंत नर्गेश शनिवार को अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर अपने गांव लौटा। जिसके नगर में प्रथमआगमन पर स्थानीय गांधी चौंराहा महात्मा गांधी की प्रतिमा का पूजन कर और सलामी दी गई। उसके बाद तिरंगा यात्रा निकाल कर डोल बजाकर स्वागत किया गया। वहीं आसपास के गांवों से भी पहुंचे लोगों ने भी पुष्पवर्षा कर युवक का स्वागत किया। दरअसल ग्राम के किसान पुत्र यशवंत नर्गेश का अग्निवीर में चयन हुआ था। उन्होंने हैदराबाद में 31 सप्ताह की ट्रेनिंग पूरी कर वह आज शनिवार दी दोपहर 2 बजे नीजी वाहन से पहुंचे। लोगों को जब इस बारे में पता चला तो वे भी बस स्टेशन पहुंच गए और स्टेशन से ही गांव तक तिरंगा यात्रा निकाली गई।कार में सवार होकर मनावर से ग्रह ग्राम तक यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान युवकों द्वारा जवान को हार पहनाने ओर बधाई देने वालों का तांता लग गया। आज पिता पारस नर्गेश ने पुत्र को गीले लगाकर देश की सेवा करने का आर्शीवाद दिया।इस अवसर परजयस संगठन के तहसील अध्यक्ष मनावर सुनील इस्के , जनपद सदस्य सोहन निघवाल ने स्वागत किया जिला जनपद सदस्य कपिल सोलंकी मैं स्वागत किया गजेंद्र सिंह राजू खेड़ी ने भी स्वागत किया वीरेंद्र भिड़े, पवन पवार,मोहन बुंदेला, विश्राम मौर्य, आकाश सिंगार सहीत बड़ी संख्या में शहर सहीत ग्रामीणजन मोजूद थे।

# दूध व्यवसाई सुभाष ठाकुर के बाद समाजसेवी विजयसिंह गोतम पर हुआ प्रकरण दर्ज : प्रेस वार्ता कर किया खुलासा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता रवि यादव महिदपुर**

नगर के प्रतिष्ठित दूध व्यवसाई सुभाष ठाकुर का मामला शांत हुआ ही था कि एक और मामला सामने आया है आखिर नेता जी को यह समाज सेवी क्यों खटक रहे हे क्या इनकी समाज सेवा या लोकप्रियता से नेता जी कोभारी नुकसान का डर तो नही यदि जब भी किसी समाज सेवी या प्रतिष्ठित व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज होती हे तो उसमे नेता जी का नाम ही क्यों आता हे? शुक्रवार को स्थानीय तुलसी रेस्टोरेंट पर समाज सेवी विजय सिंह गोतम ने प्रेस वार्ता कर वेयरहाउस मैं रखे गेहूं की खराबी को लेकर उन पर हुआ प्रकरण दर्ज की जानकारी देते हुए बताया कि मैं हर वर्ग के हर समाज के व्यक्ति के लिए खड़ा हूं । जब मैं विधानसभा क्षेत्र में गरीब, शोषित, दलित, व्यापारी तथा हर वर्ग के सहयोग के लिए प्रतिदिन लगा रहता हूं तो महिदपुर के ही माननीय नेता को शायद मेरा विधानसभा में सभी वर्ग के लिए काम करने का तरीका पसंद नहीं आ रह रहा है तो मुझ पर आरोप लगाते हुए मुझ पर घटिया थाना क्षेत्र में प्रकरण दर्ज करवाया जो की धारा 41 के अंतर्गत दर्ज हुआ जिसमें मेरे साथ मेरे उस



वेयरहाउस के अधिकारियों पर भी प्रकरण दर्ज हुआ मैंने वर्ष 2019 मैं गेंहू भरा था जो कि समय अवधि के साथ ही उन्हें वापिस उठाने के लिए कहां एवं बार-बार रिमाइंडर नोटिस के साथ सूचना जारी की थी परंतु वेयरहाउस के अधिकारियों ने मेरे पत्रों पर ध्यान ना देते हुए गरीबों के मुंह का निवाला भी छीना क्योंकि समय पश्चात गेहूं पूरा का पूरा खराब हो गया जो कि पूरा धूल सा हो गया जिसका आरोप मुझ पर लगाया जा रहा है जिसके मेरे पास सारे प्रमाण है। गौतम ने बताया कि आज शुक्रवार को भारी दबाव के बाद घटिया थाना पर मेरे खिलाफ धारा 41 मे प्रकरण दर्ज हुआ ।

साथ यह भी बताया कि जिनको झूठे प्रकरण दर्ज करवाने का शौक है, अभी पूर्व मे भी झूठे प्रकरण दर्ज कराए थे उसमे भी उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम न्यायालय तक मुह की खानी पडी । तो मे तो एक छोटा सा कार्यकर्ता हू जो कि सभी के लिए लड़ाई लड़ता रहूँगा में समाजसेवी के रूप मे जो कि समाज के हर वर्ग के व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हू तो माननीय को तकलीफ हो रहीं हैं ।मुझे जितना गिराने की कोशिश करोगे में उतना ही निखर कर आऊंगा ।मुझे न्यायालय एवं शासन/ प्रशासन पर पूर्ण भरोसा है, में सच्चा हू यह साबित हो कर रहेगा

## अनुभाग आष्टा नगर एवं ग्राम रक्षा समिति का अनुभाग स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**दिनेश चौरसिया**



श्री मान आज दिनांक 28.12.24 को पुलिस अधीक्षक महोदय सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय सीहोर श्री गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा श्री आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में आष्टा अनुभाग के चारों थाने आष्टा , पार्वती, जावर, एवं सिद्धीगंज द्वारा नगर एवं ग्राम रक्षा समिति का सम्मेलन आष्टा थाना परिसर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में श्री मान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर, श्री मान थाना प्रभारी आष्टा रविन्द्र यादव, श्री मान थाना प्रभारी पार्वती, श्री मान थाना प्रभारी जावर एवं श्री मान थाना प्रभारी सिद्दीकगंज एवं नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, नए सदस्य हेतु शामिल होने आए ग्राम एवं नगर के नागरिकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम में श्री मान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के द्वारा ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं सदस्यों से प्राप्त सुझाव पर भी चर्चा की गई। साथ ही श्री मान अनुभागीय अधिकारी द्वारा अपराध मुक्त समाज , साइबर फ्रॉड, अपराध नियंत्रण के बारे में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की महत्वता को इंगित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को पुलिस के साथ जुड़ने के लिए कहा गया। सम्मेलन मे आए सदस्यों को केप एवं जैकेट वितरित की गई एवं नए सदस्यों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाए गए।

## मौके से ट्रक ड्राइवर व बस ड्राइवर भाग गए.

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल**



हटा/- थाना गैसाबाद क्षेत्र में पुल के पास बस MPxyP®241 जो हटा से पन्ना की तरफ जा रही थी व ट्रक नंबर MPx3॥2852 जो कि सीमेंट लोड कर रीवा से सागर की तरफ जा रहा था. जिसकी आमने सामने टक्कर होने से बस में सवार 20 लोग करीब घायल हो गए। मौके पर गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडे व स्टाफ की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल हटा रवाना किया गया. मौके से ट्रक ड्राइवर व बस ड्राइवर भाग गए. सभी घायलों इलाज हटा सिविल अस्पताल में किया जा रहा है प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस ड्राइवर मोबाइल चला रहा था उस समय यह बड़ा हादसा हुआ

## मिनी आंगन बाड़ी केंद्रों के उन्नयन में सीडीपीओ ने सुविधा शुल्क लेने का बना रहे कार्यकर्ताओं पर दबाव

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**रिपोर्ट सिंगरौली**




चितरंगीः विकास खंड चितरंगी अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी क्रमांक 1 ,2 में संचालित मिनी आंगन बाड़ी केंद्रों को राज्य शासन ने आंगन बाड़ी केंद्रों के तब्दील करने का आदेश जारी किया गया है। जो प्रक्रिया प्रचलन में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी क्रमांक 2 के सीडीपीओ का प्रभार परियोजना क्रमांक 1 का भी है। इनके द्वारा आज मिनी आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओ को परियोजना कार्यालय में बुलाया गया है। और इनसे उन्नयन करने के बदले सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। जबकि राज्य शासन द्वारा उन्नयन करने के आदेश है। तो इनको कार्यालय में बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी। जब इनकी नियुक्ति मिनी आंगन बाड़ी कार्यकर्ता के लिए हुई तो समस्त दस्तावेज कार्यालय के पद स्थापना में जमा है। सीडीपीओ द्वारा दर कर धमाका कर पैसा लेने का दबाव बनाया जा रहा है। कुछ आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं ने नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर समस्त जानकारी मीडिया से शेयर किया है। आवश्यकता अनुसार उनके बयान को सुरक्षित रखा गया है। सीडीपीओ चितरंगी 10 वर्षो से अंगद की पांव के तरह जमा कर बैठे है। चितरंगी विकास खंड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इनके द्वारा बात बात में नोटिस जारी कर डरा धमाका कर भेजा वसूली की जाती है। परियोजना कार्यालय चितरंगी क्रमांक 1 में सभी पर्यवेक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। मेडिकल ऑफिसर के द्वारा मेडिकल रिपोर्ट में बेडरेस्ट लिखने के बाद भी इनके द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। इस सीडीपीओ से आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहित पर्यवेक्षक सभी इनके क्रियाकलाब से तंग हो कर मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया है कि महिला कार्यकर्ताओं का शोषण सीडीपीओ द्वारा किया जा रहा है संज्ञान में ले कर उचित कार्यवाही किया जाए।

## कर्मचारियों को मेहनत के बाद भी समय पर नहीं मिलता वेतन, यह स्थिति गंभीर है



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-नगर पालिका में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों व स्थाई कर्मचारियों को नियमित वेतन ना मिलने का मामला हल नहीं हो पा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों ने कई बार आवेदन, निवेदन, ज्ञापन व आंदोलन का सहारा लिया, लेकिन हर बार नपा की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देकर टाल दिया गया। पिछले तीन माह से वेतन का इंतजार कर रहे कर्मचारियों का गुस्सा फूटा। वे अपनी समस्या लेकर विधायक सचिन बिरला के पास पहुंचे। विधायक ने शुक्रवार देर शाम नपा में पार्षदों, नपा अध्यक्ष, सीएमओ, अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ दैनिक वेतन भोगी व सफाई कर्मचारियों को चर्चा के लिए बुलाया। वेतन ना देने को लेकर सीएमओ से जानकारी चाही। विधायक ने कहा ज़ कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है, यह एक गंभीर - समस्या है। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने वेतन ना देने का कारण बताते हुए कहा कि शासन की ओर से 60 लाख - रुपए चुंगी राशि मिलती है, जो कम है। इसमें से 25 लाख रुपए बिजली बिल, पेंशन व अन्य मद में जाते है। 463 कर्मचारी काम करते हैं, जिनका वेतन करीब - 76 लाख रुपए प्रतिमाह बनता है। 35 लाख रुपए में से - वेतन का भुगतान कैसे किया जाए। यदि चुंगी की राशि 75 लाख रुपए मिले तो थोड़ी राहत मिल सकती है। करीब 360 दैनिक वेतन भोगी व 103 नियमित कर्मचारी है। टैक्स की वसूली नहीं हो पाती है।

**ज्यादा कर्मचारियों से पड़ रहा है अतिरिक्त भार**-कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या को लेकर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला ने कहा जो कर्मचारी ईमानदारी से काम करते हैं और उन्हें वेतन समय पर नहीं मिल पाता है, उसके लिए पीड़ा है। लेकिन बकाया टैक्स की वसूली नहीं हो पाती है। करीब 2 करोड़ रुपए वसूली होनी चाहिए, जो नहीं हो पाती है। चुंगी की राशि कम है। विकास कर की वसूली से पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वो भी नियमित रूप से वसूल नहीं किया जा रहा। जबकि शासन के आदेशानुसार वर्ष 2016 के बाद से काम पर पर लगे कर्मचारियों को हटाने का प्रस्ताव है, लेकिन किसी भी कर्मचारी को ना हटाते हुए उन्हें काम के साथ वेतन भी दिया जा रहा है। लेकिन 160 कर्मचारियों के चलते अधिक भार पड़ रहा है। लेकिन सभी को प्राथमिकता से काम व वेतन भी दे रहे हैं। यदि सभी कर्मचारी व प्रभारी वसूली पर ध्यान दे तो समस्या का हल हो सकता है।**सख्ती से टैक्स की करें वसूली, आनाकानी करें तो नोटिस दें**-अवैध कॉलोनियों को वैध करने के निर्देश के बाद उन कॉलोनियों से भी विकास कर की वसूली की जाए। किस कॉलोनाइजर से कितना शुल्क बकाया है है उसकी सूची बनाकर दें ताकि उन लोगों से बात कर राशि वसूल की जाए। बिना दबाव कार्रवाई हो। यदि कोई टैक्स देने में आनाकानी करता है उसे नोटिस दिया जाए व कार्रवाई की जाए। अवैध नल कनेक्शनों पर सख्ती से कार्रवाई कर उन्हें वैध कर राशि वसूल करें। टैक्स की बकाया राशि की वसूली व उसके बाद नियमित वसूली से वित्तीय स्थिति में सुधार हो सकता है। विधायक ने कहा व्यवस्थाएं सुधारने में थोड़ा समय लगेगा। हर कर्मचारी को समय पर वेतन का भुगतान हो इसके लिए सख्ती से सभी निर्देशों का पालन हो। यदि कर्मचारी पूरी लगन व ईमानदारी से वसूली करें तो नपा की आय में इजाफा हो सकता है। कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा एक माह में वेतन संबंधी समस्या का निराकरण होगा। इसके लिए सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

## घर के सामने 15 फिट गड्डा खोद खुला छोड़कर गायब हो गए सीवर लाईन के कर्मचारी,इंजिनियर

**प्रवीण गौतम दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



मैहर- सीवर लाईन कर्मचारियों मनमानी रवैया के चलते आम लोग परेशान हैं, ताड़ा मामला उदयपुर वार्ड नम्बर 2मे कल रात 15फिट का गड्डा खोद कर खुला छोड़ गए थे जिसके चलते रात मे एक जानवर गिरकर काल के गाल मे समा गया, वही आसपास के रहवासियो का कहना है की गड्डा खोदकर खुला छोड़ देने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है, वही बारिश के चलते चारो तरफ कीचड भी फैल गया है, जिससे आज सुबह ही गुरुकुल विद्यालय की दो गाड़िया इसमें फस गयी थी मोके पर मौजूद लोगो की मदद से बच्चों की स्कुल वैन किसी तरह बाहर निकाली गयी, शहर मे इनके लापरवाही के चलते लोग काड़ी हद तक परेशान हो चुके है,प्रशासन को चाहिए की सीवर लाईन के इंजीनियर कर्मचारी को समझाइस दी जाय की उतना ही गड्ढा खोदे जितना शाम तक पूरा कर दोबारा से ढका जा सके, या फिर गड्ढा के चारों तरफ रेडियम की पट्टी लगाकर स्टॉप बैनर लगाए, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके

# नवांकुर प्रशिक्षण का समापन मेरा गॉव मेरा तीर्थ हम सब को मिलकर गॉव को तीर्थ बनाना होगा–संभाग समन्वयक श्री श्रीवास्तव

धार / मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की स्वैच्छिक संगठनो की चयनित नवांकुर संस्थाओ के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को अनिल प्लाजा में हुआ।समापन अवसर पर संभाग समन्वयक भोपाल अमिताभ श्रीवास्तव, प्राचार्य आक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज इंदौर विशाल पुरोहित, सहायक प्राध्यापक सेज यूनीवर्सीटी इन्दौर शिव फुलपगारे, विभागाध्यक्ष कला संकाय आक्सफोर्ड इंटरनेशनल इन्दौर मीनाक्षी मिश्रा एवं जिला समन्वयक धार नवनीत रत्नाकरमंचासीन रहे । प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती एवं भारत माता पूजन, माल्यार्पण, एवं दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर श्री श्रीवास्वत द्वारा आदर्श ग्राम विकास के विषय पर सामाजिक शिक्षा संस्कार, सामाजिक स्वास्थ्य, सामाजिक पर्यावरण, सामाजिक समृद्धि, सामाजिक सुरक्षा विषयों के माध्यम से अपने ग्राम को आदर्श ग्राम कैसे बनाये की जानकारी सरल रोचक शब्दो में दी गई । ग्राम के पैसे शहर में शहर के पैसे ग्राम में जा रहे है जिसे आदर्श ग्राम बनाने के लिए ग्राम के पैसे ग्राम मे ऐसे कार्यो को बताया गया । इसी प्रकार डां. पुरोहित द्वारा अपने विषय सोशल मिडिया का प्रभावी उपयोग विषय पर प्रशिक्षण प्रजेन्टेशन के द्वारा देकर बताया गया कि किये गये कार्यो का समाज तक पहुचाने में मुख्य भूमिका सोशल मिडिया का उपयोग करना आवश्यक है। इनके द्वारा फेसबुक, टयूटर, इंस्टाग्राम जैसे अनेक प्लेटफार्म का उपयोग कर अपनी जानकारी देश और दुनिया में पहुचा सकते है, इनके द्वारा विभिन्न आयामो को बताया गया । प्रो0 फुलपगारे द्वारा सामुदायिक सहभागिता विषय पर अपना प्रशिक्षण प्रस्तुत किया गया । समाज में सामुदायिक सहभागिता के रणनीतियॉ, मूल्यांकन और समझ, लक्ष्य निर्धारण, रणनीति विकास जैस विषयो पर जानकारी दी गई । साथ ही समाज को सहभागिता करने की प्रेरणा दी गई । श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा द्वारा सामाजिक अंकेक्षण विषय के अंतर्गत सोशल ऑडिट, ग्रामसभा का गठन, सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत किसी ग्राम के विकास या जनता को सौपे गये अधिकार से संबंधित किसी मुद्दे पर पाई पाई का हिसाब लेना एवं उस पर नजर रखना और यह तय करना है कि वह समाज के हित में हो, आदि विषयो पर प्रतिभागियो को अवगत कराया गया । इसके पश्चात ग्रुप डीस्केशन के आधार पर सोशल ऑडिट के विभिन्न विषयो के माध्यम से प्रतिभागियो के द्वारा प्रस्तुती दी गई । समापन अवसर पर अमित शाह के द्वारा अपने सत्र में नवांकुर संस्थाओ के अपेक्षित कार्य एवं भूमिका विषय पर अपना प्रशिक्षण प्रदान किया गया । जिसमें उनके द्वारा प्रेरणा गीत के माध्यम से विभिन्न नवांकुर संस्थाओ के किये गये कार्यो की जानकारी लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया । अपने सेक्टर स्तर चयनित नवांकुर संस्थाओ को प्रस्फुटन समितियों क्षमतावर्धन हेतु इस प्रशिक्षण के माध्यम से संस्?था? अपने कार्यक्षेत्र में परिषद के स?वैच्छिकता सामूहिकता के आधार पर कार्य करेगी । अंत में समस्त प्रतिभागियों को संभाग समन्वयक एवं जिला समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया । आभार सुश्री सुशीला मे?ा विकासखण्ड समन्वयक बदनावर द्वारा माना । कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओ के प्रतिभागी, विकासखण्ड समन्वयक सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे । उक्त जानकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा मध?यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा दी गई ।

# अजंदा में आंधी और तूफान आने से किसानों का नुकसान हुआ



मनावर से रघुनाथ सेन

**कल अजंदा मेंसन 5.30को 27 12 24 में आंधी और तूफान आने से किसानों का नुकसान हुआ जिसमें केले की खेती को ज्यादा नुकसान हुआ इसमें ग्राम अजंदा में शरी पूरा जोतपुर बडदा इन गांव में आधी ने अधिक नुकसानआजादमें जिन किसानों का नुकसान हुआ उसमें विद्या बाई पति दिनेश केले की खेती और दिनेश पिता टीकम शांतिलाल पिता ओकार पाटीदार और भी अन्य किसानों के यहां पर नुकसान हुआ किया इसलिए प्रशासन इस पर ध्यान देकर अधिक से अधिक इन किसानों को मुआवजा दिलाए इसमें प्रशासन से मांग है कि सर्वे कराकर जिन-जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन सभी को मुआवजा राशि दिलाई जाए**

# नवांकुर संस्थाओं के प्रशिक्षण का हुआ समापन




जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज सुर्या होटल अनूपपुर में प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलासंघ चालक राजेंद्र तिवारी जी,नगर परिषद बरगवां अमलाई के उपाध्यक्ष राज तिवारी ,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश कुमार पांडेय विकासखण्ड समन्वयक फते सिंह, विकासखण्ड समन्वयक कोतमा सरीमन साकेत व नवांकुर संस्थाओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे आज के प्रशिक्षण में विषय शोसल ऑडिट पर जिला समन्वयक शोसल ऑडिट संदीप शुक्ला ने व विषय सी एस आर पर डॉ राकेश रंजन संधान ट्रस्ट के डायरेक्टर एव व्यक्तित्व विकास विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राजेंद्र तिवारी द्वारा उपस्थित नवांकुर संस्थाओ के प्रतिनिधि का प्रबोधन किया गया।कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# *आगरा में मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार हुए

## आरोपियों ने की थी लूट पुलिस को बदमाशों से मिले 15 हजार रुपये

**आगरा मंडल ब्यूरो चीफ– दीवान सिंह सिकरवार :फाइनेंस कर्मी से**

आगरा। गुरुवार रात को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। लूट की घटना में शामिल तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी। गोली लगने के बाद पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है।20 दिसंबर को फाइनेंस कर्मी के साथ तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों



की तलाश में जुटी थी। गुरुवार रात को खंदौली **पुलिस को सूचना मिली कि**–एक बाइक पर तीन संदिग्ध लोग जा रहे है। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वो घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया

इनके पास से तीन अवैध तमंचे, एक बाइक व जिंदा कारतूस मिले हैं। एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत ने बताया कि घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके पास से लूट के 15 हजार रुपए भी बरामद हुए हैं।

# जनपद में शीतलहर एवं ठंढ से बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)बॉदा ने जारी की एडवाइजरी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



बांदा-जनपद में शीत लहर एवं ठंढ से बचाव हेतु राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने जारी की एडवाइजरी। राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बदलते मौसम की जानकारी टीवी, पेपर, रेडियो, मोवाइल, के माध्यम से लेते रहें। लम्बे समय तक ठंढ के सम्पर्क में रहने से बचें। अपने शरीर को सूखा या गर्म कपड़े से ढककर रखें। अपने सिर गर्दन, हांथ पैर सभी प्रमुखता से ढकें। तथा शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म पेय पदार्थ, तथा पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, फ्लोर, कोयले की अंगीठी आदि को खुले स्थान में जलाएं, या कमरे की खिडकियों आदि को खोल दें। सोने से पहले इन्हें बन्द कर दें। क्योंकि कोयले की अंगीठी बंद कमरे में हानिकारक हो सकती है। शरीर के अंगों में सुन्न पडने, हांथ पैर, कान एवं नाक पर सफेद तथा पीले चकत्ते पडने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करे। शाराब का सेवन इस समय अत्यन्त हानिकारक है। इससे हाइपोथर्मिया की सम्भावना बढ़ सकती है

**हाइपोथर्मिया के लक्षण होने पर** –ब्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं। और कपड़े बदलें। ब्यक्ति के शरीर को कम्बल, तौलिया या कम्बल की सूखी परतों से गर्म करें। शरीर का तापमान बढाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। ज्यादा हालत बिगडने पर डाक्टर का परामर्श लें।लम्बे समय तक शीत के सम्पर्क में रहने से बचें। शीत दंश से प्रभावित अंग, या त्वचा पर किसी प्रकार का मसाज या मालिश से बचें। शीत प्रभावित अंग को सीधे आग के सम्पर्क में लाने से बचें। शीत प्रभावित अंग में सूती कपड़े को गर्म कर सिंकाई करवाएं। शीत प्रभावित ब्यक्ति को तब तक कोई पेय पदार्थ नहीं दे जब तक पूरे होश वा सामान्य स्थित में ना हो।।


**फसलों से बचाव हेतु सुझाव** –शीत लहर एवं पाला के कारण उत्पन्न बिमारियाँ फसलों में क्षति पंहुचाती है जिससे ब्लैक रस्ट, व्हाइट रस्ट, लेट ब्लाइट आदि बिमारियों के होने का खतरा होता है यदि सम्भव तो तो हल्की और लगातार सतही, वा स्पिकंलर सिंचाई का प्रयोग करें। बागवानी एवं बागों में इंटरक्राप्टिंग खेती का उपयोग करें।

**मवेशियों के बचाव हेतु सुझाव** –शीत लहर के दौरान मवेशियों को भरण पोषण हेतु अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ जाती है। ठंढी हवाओं के सीधे सम्पर्क से बचाने हेतु खुले स्थान में नहीं बांधे, पशु धन और कुक्कुट को अन्दर रखकर सुरक्षित रखें एवं ढकें। मवेशियों के नीचे सूखा पुआल लगाएं। उन्हें दिन में खुले में बांधे और घुमाए। शीत लहर के दौरान पशु मेला आयोजित नहीं करें। पशु आश्रय में नमी वा धुंवा एकत्र नहीं होने दें।

# लीलाधारी की लीलाओं में प्रकृति और मानव कल्याण का संदेश : आचार्य नवलेश जी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा। जब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं, तो उनकी लीलाएं सिर्फ खेल नहीं होतीं, बल्कि उनके माध्यम से मानवता और भक्ति के लिए गहरे संदेश छिपे होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में भी यही संदेश छुपा था। यह बातें प्रसिद्ध भागवताचार्य भागवत रत्न आचार्य नवलेश जी महाराज ने बांदा शहर के मंगलम मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणा और दिशा का कार्य करती हैं। श्रीकृष्ण ने बचपन में माखन चोरी से लेकर कालिया नाग के दमन तक, हर घटना के जरिए हमें प्रकृति और मानव जीवन के महत्व को समझाया। बालकृष्ण के नटखट स्वभाव ने जहां मां यशोदा का दिल



जीता, वहीं उनकी हर लीला ने पांच तत्वों–जल, वायु, मिट्टी, अग्नि और आकाश–को शुद्ध करने का कार्य किया।

**प्रकृति संरक्षण का संदेश**–आचार्य नवलेश जी ने कहा कि भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाकर हमें यह सिखाया कि प्रकृति की रक्षा और पूजा आवश्यक है। आज मानव अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रहा है, नदियों का जलस्तर घट रहा है और पहाड़ क्षीण हो रहे हैं। यह प्रकृति के साथ मानव का शोषण है, जो भविष्य में विनाशकारी साबित हो सकता है।उन्होंने आगे कहा, ÷प्रकृति का दोहन उचित है, लेकिन शोषण नहीं। हमें प्रकृति से उतना ही लेना चाहिए, जितना हमारे जीवन के लिए आवश्यक हो। अगर हमने अपनी प्रवृत्ति नहीं बदली, तो आने वाला समय हमारे लिए संकट बनकर खड़ा होगा।÷

**कथा में भजनों की धूम**–ीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रोताओं की अपार भीड़ देखी गई। महाराज श्री के प्रवचनों और भजनों पर श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। संगीत का अद्भुत समन्वय राघवेंद्र जी और विनोद जी ने प्रस्तुत किया, जिसने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन के मुख्य आयोजक श्री जीतेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी अंकिता शर्मा ऊर्फ बब्ली हैं। यह कथा उनके माता-पिता को समर्पित है। कथा के अंत में भगवान की मंगल आरती और प्रसाद वितरण किया गया, जिससे भक्तजन आनंदित हो उठे।

**प्रेरणादायक संदेश**–महाराज श्री के प्रवचनों में न केवल भक्ति का संदेश था, बल्कि उन्होंने वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण पर भी जोर दिया। श्रोताओं ने न केवल कथा का आनंद लिया, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की प्रेरणा भी प्राप्त की।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार फोरम विविध सलाहकार ने 24 विंदुओ शपथ पत्र करोड़ों रुपए हजम फिर भी अधिकारी कर रहे जांच

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ**

भ्रष्टाचार की चरम सीमा को पार कर चुका है ग्राम पंचायत कमासिन आवास और शौचालय से लेकर सी सी रोड गौशाला नाली साफ सफाई मनरेगा जाब कार्ड कि निष्पक्ष जांच के लिए खंड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन जांच न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी समाजसेवी रत्नेश द्विवेदी बताते चले यह पूरा मामला विकासखंड कमासिन के ग्राम पंचायत कमासिन का है जहां भ्रष्टाचार की तो हद ही हो गई आवास से लेकर शौचालय और सी सी रोड गौशाला साफ सफाई मनरेगा जाब कार्ड खुलेआम चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतो के समुचित विकास के लिए धन का पिटारा खोलकर बैठे हैं वही ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों को तनिक भी डर नहीं दबंगई के साथ भ्रष्टाचार की रेल दौड़ाये चले जा रहे हैं जो की रुकने का नाम ही नहीं ले रही कमासिन ग्राम




पंचायत में आवास और शौचालय के नाम पर लूटे गए आम जनमानस के सपने जिसमें 23 आवासों की निष्पक्ष जांच के लिए लिखित शिकायत की गई थी जिसमें पाया गया कमासिन में तैनात ष्ठ ह्न ढ्ढ स्न्क्धर्मपाल जी को जांच मिली थी उनके द्वारा 9 आवासों की जांच की गई वह भी अपूर्ण बाकी जांच का पता नहीं कोई कुछ बताने को तैयार नहीं वही भ्रष्टाचार की बात की जाए शौचालय एवं आवासों में जिम्मेदारों के द्वारा बहुत बड़ी हेरा फेरी की गई पर उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता फर्क तो गरीब और मजलूमों को पड़ता है अभी ताजा मामला कमासिन ग्राम के अंदर बनी हुई सीसी रोड पर मलहम पट्टी एवं लेपन कर कर दी गई खाना पूर्ति जो एक माह के अंदर ही फटकर बिखरने लगी कमासिन में अंबेडकर नगर पर बनी सीसी रोड कामेश्वर नाथ मंदिर के पास बनी हुई सीसी रोड वहीं अगर देखा जाए विकासखंड मुख्यालय ब्लॉक परिसर के अंदर ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ पर अंदर देखा जाए तो ना तो साफ सफाई है न ही पानी की व्यवस्था टोंटी सब टूटी पड़ी है परंतु जिम्मेदार सफाई कर्मी का धड़ल्ले से हो रहा है पेमेंट स्वच्छ भारत मिशन की बात करें य स्वच्छता और सफाई देखनी हो तो कस्बा कमासिन की देखी जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी होने में बिल्कुल वक्त नहीं लगेगा परंतु कागजों में सफाई समय से हो रही है हकीकत में नहीं वही कस्बा कमासिन के समाजसेवी श्री रत्नेश द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी कमासिन को जांच के लिए लिखित रूप से ज्ञापन दिया और मीडिया से रूबरू होने पर ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यों की ञ्च ष्ट टेक्निकल एडवाइजरी जांच के लिए कहा अगर तब भी मेरे गरीब जनता के साथ न्याय नहीं हुआ तो मैं आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जाऊंगा अब देखने वाली बात यह होगी क्या जनपद बांदा के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हैं या ऐसे ही जाने देंगे आखिरकार ग्राम पंचायत कमासिन को किसका संरक्षण प्राप्त है जिससे उसकी भ्रष्टाचार की रेल बस दौड़ी जा रही है दौड़ी जा रही है आखिर कब तक

# अवन्ति सुतमिल सनावद में उपभोक्ता का अधिकार दिवस सप्ताह अतंर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया उपभोक्ता दिवस अंतर्गत अवंती सूतमिल सनावद में जहां पैरा लीगल वालंटियर रविंद्र अंबिया ने वहां स्थित मजदूरो से कहा कि जागरुक एवं सतर्क ग्राहक बने कोई भी वस्तु खाने पीने या मशीनरी की हो उसका बिल जरूर लेवे अगर कोई भी बिल देने से इनकार करता है।एमआरपी से ज्यादा पैसा लेता हे तो आप उपभोक्ता फोरम में उसकी शिकायत कर सकते हैं इसमें दंड का भी प्रावधान हे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में छः अधिकार हे सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किए जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। उपभोक्ता का अर्थ हे वस्तुओं और सेवाओं के उपभोक्ता को उसके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है

एक अच्छे उपभोक्ता में जिज्ञासा रचनात्मक कल्पना होनी चाहिए।शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अंबिया ,पेरा लीगल वोलेंटियर संदीप बैसवार, मिश्रीलाल कोहरे ,अवंती सूतमिल डीएम श्री धर्मेंद्र मित्तल जी एवं सूत मिल स्टाफ मौजूद थे

# राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम रवाना



**राजेंद्र खरे कटनी**

जबलपुर - मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के महासचिव एवं टीम दल कोच राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन ताइक्वांडो यूनियन एवं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में 7 वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य के जोनपुर में आयोजित की जा रही है जिसमें संस्कारधानी जबलपुर के 16 खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश टीम दल में किया गया है साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाने मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन की राष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी शिवानी बेन को आमंत्रित किया गया है । राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम दल आज तमिल काशी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 16367 से जबलपुर से जोनपुर के लिए रवाना होंगे । मध्यप्रदेश टीम दल मेनेजर की भूमिका मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के खेल प्रशिक्षक जयराज चौधरी निभाएंगे । मध्यप्रदेश टीम दल में सम्मिलित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है - मानवी यादव, धैर्य झारिया, कृतिका खियानी,करमन प्रीत कौर,कामाक्षा पटेल ,श्री दुबे,मानवराज यादव, कार्तिक यादव,काव्य कोरी,गौरव कश्यप,ओम द्विवेदी, तेजेन्द्र सिंह मसराम, खुशी यादव, शौर्य राठौर, शिवानी बेन ।

# मैहर में जंगली सांभर का शिकार कर मांस पका रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रवीण गौतम दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**

मैहर- बेरमा बीट में जंगली सांभर का मास पकाते दो आरोपियों को वन विभाग की टीम ने दबिश देकर पकड़ा है, वही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, मौके से वन विभाग टीम ने पका मास सहित शिकार की सामग्री भी जप्त की है, पकड़े गए दोनो आरोपियों को वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

# शैक्षिक संवाद कार्यक्रम सपन्न हुआ *

**केसरिया हिंदुस्तान सुरभि व्यास जीरापुर**



दिनांक 28 /12/ 2024 को समय 2 बजे से 5 बजे तक शासकीय माध्यमिक विद्यालय पालड़िया में शासकीय हाई स्कूल गागोरनी संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाली समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षक साथियों द्वारा शैक्षिक संवाद कार्यक्रम मैं भाग लिया गया जिसमें प्राथमिक शाला में कक्षा 3 से 5 पढ़ाने वाले शिक्षक तथा माध्यमिक शाला में कक्षा 6 से 8 पढ़ने वाले शिक्षक साथियों द्वारा भाग लिया गया। यह शैक्षिक संवाद राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश अनुसार रखा गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर पियर लर्निंग विषय पर तथा माध्यमिक स्तर पर रचनात्मक फीड बैक विषय पर भाग लिया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन शिक्षक लक्ष्मीनारायण मंडलोई, जन शिक्षक जगदीश प्रसाद पालीवाल , कमलेश कारपेंटर कन्हैयालाल कुंभकार आदि लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने अधिकारी सुनिश्चित करें कार्यों की मॉनीटरिंग - कलेक्टर

### जिले में संचालित निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की विस्तृत समीक्षा भूमि पूजन व लोकार्पण की जानकारी उपलब्ध कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल/अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों की सतत् मॉनीटरिंग की जाए। जिससे समय-सीमा पर कार्यों की पूर्णता हो सके। निर्माण कार्य बिना भूमि पूजन के प्रारंभ न किए जाएं। निर्माण कार्यों की पूर्णता उपरांत लोकार्पण की कार्यवाही की जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीएमजीएसवाई, एमपीआरडीसी, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी भवन तथा शिक्षा, सेतु व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, जल संसाधन विभाग, एमपीआरडीसी, ऊर्जा तथा लोक निर्माण विभाग (भवन), पीएमजीएसवाई के कार्यों की कार्यवार विस्तृत समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों में वन विभाग तथा अंतर्विभागीय इस्यू पर भी चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को भूमि पूजन तथा लोकार्पण की जानकारी 30 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पीएम जन-मन के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किरर घाट से राजेन्द्रग्राम के आगे तक के स?क के मरम्मतीकरण, लांघाटोला से सरई मार्ग के निर्माण कार्य के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण विद्युतीकरण तथा जल संसाधन विभाग के जलाशयों के केनाल के साफ-सफाई कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने अनूपपुर बायपास के निर्माण कार्यों के भू-अर्जन संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की जानकारी की अद्यतन इन्ट्री के संबंध में




भी निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की पूर्णता के संबंध में निर्देशित किया है। बैठक में निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कार्यों के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने निर्माण विभागों की कार्यवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में अवरोध को अंतर्विभागीय समन्वय से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसंतपुर-मझियाखार मार्ग पर नर्मदा पुल, चोलना प?ौर मार्ग में सोन पुल निर्माण, सामतपुर हर्री-बर्री मार्ग में तिपान पुल के निर्माण कार्यों की गति ब?ाकर कार्य किए जाने के निर्देश सेतु निगम के अधिकारी को दिए। बैठक में सीएम राईज स्कूल अमगवां, बदरा, पचखुरा (निगवानी), कोहका, खो?री, खूंटाटोला के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग (भवन) के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिला चिकित्सालय अनूपपुर के नवनिर्मित भवन में 10 जनवरी तक लिफ्ट लगाए जाने का कार्य प्रारंभ होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरकंटक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे?ियारास, गोंदी तथा आयुष भवन अमरकंटक का कार्य अंतिम चरण में है। रेस्ट हाऊस वेंकटनगर का कार्य भी पूर्णता की ओर है। कन्या महाविद्यालय अनूपपुर के भवन का निर्माण अप्रैल माह तक पूर्ण होगा।

## स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वित कार्य कर परिणाम परिलक्षित करें- कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

शहडोल/अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार मे जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने स्वरोजगार योजना संबंधी लाभ दिलाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी हितग्राही का प्रकरण बिना किसी ठोस कारण के निरस्त न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया सहित स्वरोजगार मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंकर्स तथा आरबीआई व आर-सेटी के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आजीविका मिशन, डूडा, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन आदि विभाग के स्वरोजगार मूलक योजना का क्रियान्वयन करने वाले अधिकारियों तथा बैंकर्स से प्रकरणों के वस्तु




स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स और विभागों को भेजे गए प्रकरणो में समन्वित कार्य कर स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही कर जिले की सीडी रेशियो ब?ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास और संवर्धन के लिए अच्छे कार्य किए जाएं। बैंकर्स आगे ब?कर आजीविका संवर्धन के प्रकरण स्वीकृत करें। मत्स्य, पशुपालन विभागों के स्वरोजगार मूलक योजनाओ में लक्ष्य के विरुद्ध प्रकरणों में स्वीकृति की कार्यवाही संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। स्वरोजगारमूलक योजनाओं के प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ बैंकवार दस्तक देकर प्रस्तुत प्रकरणो पर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने ऋृण जमा अनुपात, प्राथमिकता क्षेत्र के लिए ऋृण, कृषि क्षेत्र के लिए ऋृण, कमजोर वर्ग के लिए ऋृण की बैंकवार स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने उद्यान, पशुपालन, कृषि, मत्स्य, सहकारिता आदि विभाग के अधिकारियों को बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त प्रयास के माध्यम से स्वरोजगार प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित आरबीआई के प्रतिनिधि अधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि स्वरोजगार प्रकरण के निरस्त करने की कार्यवाही के संदर्भ में विभाग को लिखित में बैंकर्स जानकारी उपलब्ध कराएं।

## पुलिस ने कार्यवाही कर जप्त की 82 नग अवैध नशीली इंजेक्शन

**गजेन्द्र परिहार**




शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध नशे के तस्करों, व्यापारियों के विरूद्ध शहडोल पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रोहित ढांड नशीली इंजेक्शन लिये बेचने हेतु केन्द्रीय विद्यालय के पीछे जंगल तरफ ख?ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति ख? मिला। जो पुलिस को आता देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पक?कर पूछताछ की गई जिसमें उसने अपना नाम रोहित ढांड पिता चन्द्रशेखर ढांड उम्र 25 वर्ष निवासी बुढार रोड शहडोल का होना बताया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 82 नग अवैध नशीले इंजेक्शन पाया गया। उक्त नशीले इंजेक्शन के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया जिससे उक्त नशीले इंजेक्शन को जप्त कर आरोपी रोहित ढांड के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### पुलिस ने कार्यवाही कर 15 टन अवैध कोयला किया जप्त

शहडोल। शुक्रवार को अमलाई पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम बटुरा गौशाला के पास सोन नदी के किनारे अवैध रूप से कोयले का भण्डारण किया जा रहा है। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा ग्राम बटुरा सोन नदी पहुंचे जहां भारी मात्रा में अवैध कोयला पाया गया। आस-पास कोई व्यक्ति के नही मिलने पर उक्त अवैध कोयले को जेसीबी की सहायता से थाना परिसर सुरक्षार्थ कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध इस्तगासा कायम कर विवेचना में लिया गया।

## हत्या के प्रकरण में आरोपी को अजीवन कारावास की सजा

शहडोल। 05 जनवरी 2021 को फरियादी रामचंद्र पंजाबी पिता स्व दौलत राम पंजाबी निवासी आदर्श कालोनी बुढार धनपुरी नंबर 1 थाना बुढार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुलिस सहायता केन्द्र में गुज्जर मृत अवस्था में पडा है अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा मौके की कार्यवाही पूर्ण कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के पूर्ण कर आरोपी पंकज यादव पिता ननकू यादव उम्र 31 वर्ष निवासी खनूजा फार्म हाउस के पास पंचवटी मोहल्ला बुढार जिला शहडोल के विरूद्ध चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय पेश किया गया। विचारण उपरांत पुलिस की विवेचना एवं अभियोजन के तर्क से सहमत होकर आरोपी पंकज यादव पिता ननकू यादव उम्र 31 वर्ष निवासी पंचवटी मोहल्ला बुढार को भादवि की धारा 302 में आरोपी को आजीवन कारावास एवं 10,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन निरी0 महेन्द्र सिंह चौहान एवं उनि0 आशीष झारिया द्वारा पूर्ण की गई एवं शासन की ओर से एडीपीओ राज कुमार रावत द्वारा पैरवी की गई।

### विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर सुधारें परीक्षा परिणाम - कलेक्टर

## कलेक्टर ने जिले के प्राचार्यों से वन-टू-वन चर्चा कर त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में ली जानकारी

शहडोल/अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि अनूपपुर जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु सभी विद्यालयों के प्राचार्य विशेष प्रयास करें। विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर परीक्षा परिणाम सुधारें। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी जिस विषय पर कमजोर है, उस विषय पर और ज्यादा विशेष ध्यान देते हुए विद्यार्थियों का अतिरिक्त क्लास लें तथा उन्हें समय-समय पर मॉडल परीक्षा पेपर देकर टेस्ट भी लें। बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग का पूरा अमला प्रतिदिन प्राचार्यों से दूरभाष पर चर्चा कर विद्यालय में शिक्षण गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करें तथा विद्यालय में चल रही कक्षाओं का व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फोटोग्राफ भी प्राप्त करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली जिला पंचायत के सभागार में बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार हेतु जिले के सभी प्राचार्यों की बैठक लेकर निर्देशित कर




रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. आर्मो, जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक एस. के. बाजपेयी सहित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य गण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम जिन विद्यालयों के कम आए हैं, उन विद्यालयों के प्राचार्यों से वन-टू-वन चर्चा की तथा परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राचार्य परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु गंभीरता बरतें तथा कमजोर छात्रों की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड के वार्षिक परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड प्री-एग्जाम के तैयारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 16 जनवरी से बोर्ड प्री-एग्जाम प्रारंभ होगा तथा उसमें कार्य योजना बनाकर बच्चों का परीक्षा परिणाम सुधारने के प्रयास किया जा रहे हैं। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि मॉडल परीक्षा तथा बच्चों को प्रश्न पत्र के प्रैक्टिस कराई जाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड प्री-एग्जाम में जिस विद्यालय के 80 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम आते हैं, उन विद्यालयों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को बेहतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों को और अधिक मेहनत करके परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में गणित एवं अंग्रेजी विषय का अतिरिक्त स्पेशल कक्षा संचालित की जाए तथा विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विद्यालयों के परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षा कॉपियों का परीक्षण किया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# आदम खोर बाघ के मुह में लगा इंसानी खून



सीतापुर। अभी तक पूरे जिले में घूम घम कर बाघ आतंक का पर्याय बनकर जानवरों पर हमला कर रहा है। लेकिन अब पिछले कई दिनों से बाघ नगर से सटा कस्बा इमलिया सुल्तानपुर इलाके में सक्रिय होकर वह आदम खोर बन चुका है। बाघ के मुंह में इंसानी खून लगने से बाघ अब पूरी तरह से खूंखार होकर इंसानो पर हमला करेगा। इस बात की चिन्ता इलाके के ग्रामीणों में सता रही है। वन विभाग से लेकर पुलिस महकमें को सूचना दी गई और दोनो विभाग की टीमे मौके पर पहुंची बाघ के पैरों के निशान तो मिले लेकिन बाघ कहां भाग गया इसकी जानकारी किसी को नही है। फिलहाल बाघ को पकड़ने की कोशिशे जारी है। ग्रामीणों को भी जागरूक कर दिया गया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की कचनार चैकी के पिपरी कला निवासी शिवकुमार अपने साथियों के साथ गांव के दक्षिण स्थित पिरई नदी के किनारे गन्ना छीलने गया था।खेत नदी के किनारे व जंगल के पास है। गन्ना छीलते समय जंगल से निकले एक जानवर ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। सीने पर नाखून लगने से वह घायल हो गया। पास खड़े साथियों ने शोर मचाकर जंगली जानवर को भगाया।शिवकुमार के साथियों व घायल शिवकुमार ने बताया कि जंगली जानवर बाघ था। जिसके पगचिह्न काफी बड़े थे। हमले में घायल शिवकुमार का घर पर ही इलाज किया गया। उधर, वन विभाग को सूचना दे दी गई है। वही पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा है।

### –महाविद्यालय में पकड़ा गया अजगर

सीतापुर। अब महाविद्यालयों को भी अजगर अपना घर बनाने लगे है। इसी क्रम में मछरेहटा से बर्मी मार्ग पर स्थित रामेश्वर दयाल रामकिशोर मिश्र महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार शाम अजगर निकल आया। इसकी लंबाई करीब 10 फीट और वजन करीब 80 किग्रा था।गामीणों ने वन विभाग व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आई पुलिस व वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ लिया। वनरक्षक नीरज ने बताया कि अजगर को पकड़ कर पास के जंगल में छोड़ दिया गया है।

# रेलवे ने कर लिया नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा दौरान पैमाइश हुआ खुलासा

### इस जमीन पर बने व्यवसायिक भवनों ने रेल विभाग वसूल रहा था किराया





सिधौली -सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे में जहां रेलवे कमोबेश तीस वर्षों से भूमि गाटा संख्या। 598 ,599 रक्बा 0ऽ0632,0ऽ0015 है0 पर काबिज थी और दर्जनों दुकानों से किराया वसूल करते रेलवे के अधिकारी चले आ रहे थे एन एच 24 के अधिकारियों और स्थानीय तहसील प्रशासन के पैमाईश किए जाने पर दो गाटा संख्या निकले राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज नगर पंचायत ने बोर्ड लगा कर किया अपना कब्जा। स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा गठित राजस्व टीम कानूनगो एवं लेखपाल द्वारा जांच कर पैमाइश में रेलवे के कब्जे वाली कुछ जमीन अभिलेखों में बतौर बंजर दर्ज पाई गई है। बस स्टाप पर गाटा संख्या 598 रकबा 0.632 हेक्टेयर एवं 599 रकबा 0.0015 हेक्टेयर पर अतिक्रमण मिलने की बात सामने आने पर पैमाइश के बाद तहसील प्रशासन ने नगर पंचायत द्वारा एवं हाईवे ने अपने कब्जे के बोर्ड लगा दिए गए हैं। पूरे मामले पर राजस्व टीम द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिसे उच्चाधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया जाना है। बताते चलें हाल ही रेलवे द्वारा वेंडरशिप के माध्यम से बनाया गया रेल कोच रेस्टोरेंट भी इसी जद में आ रहा है। बस स्टाप पर बने मंदिर एवं उसके पास दुकानें भी इसी खाते में आती बताई जा रही हैं। 114 दुकानों में कितनी दुकानें इस हद में आ रही हैं यह तो जांच के बाद निकल पाएगा। लेकिन इतना तो साफ है बंजर जमीन पर तमाम दुकानों एवं रेल कोच से किराया वसूल कर रेलवे अब तक लाखों की कमाई कर चुका हैड़।एन एच 24 के द्वारा कस्बे में पुल एवं सर्विस लेन बनाने का काम चल रहा है जहां बस स्टाप रेलवे लेन की तरफ निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने को लेकर डीएम द्वारा कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया था। जब रेलवे ,एन एच 24 एवं तहसील प्रशासन की बैठक हुई जहां सर्विस लेन पुल में आरही अड़चनों को लेकर रेलवे द्वारा अधिग्रहीत जमीन की पैमाइश राजस्व टीम द्वारा की गई तो मामला प्रकाश में चैंकाने वाला आया है। जहां सालों से काबिज रेलवे की जमीन का हिस्सा बंजर जमीन में दर्ज पाया गया जहां नगर पंचायत द्वारा एक हिस्से पर बोर्ड लगाकर जमीन पर तहसील प्रशासन ने कब्जा दर्शाया है जब कि दूसरे नंबर पर एन एच 24 के द्वारा बोर्ड लगवाया गया है पूरा मामला अभी सुझता नजर नहीं आ रहा हैध्पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और अड़चने दूर करली जाएं गी ।

### जनपद में मनरेगा योजना हुई घोटाले का शिकार*

## ग्राम पंचायत फिरोजपुर में मनरेगा में मजदूर की जगह ट्रैक्टर से कराया जा रहा कार्य



सीतापुर। जनपद के अधिकांश विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की बलि चड़ाई जा रही है, जिम्मेदार जानबूझ कर अनजान बने हुए है या यूं कहें कि घोटाले से कमाई गयी काली कमाई का हिस्सा लेकर अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी है, जिम्मेदार के संरक्षण के चलते रोजगार सेवको व प्रधानों की जोड़ी खुलेआम ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था को धता बताकर पुरानी ड़ोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज कर रहे है। बताते चले कि विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में सरैया में बाबूराम की बाग से मुरली की बाग तक सर्वत्रह्यु संपर्क मार्ग पर 39 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि ऑनलाइन अपलोड की गई फोटो में एक वही श्रमिक कार्य करता नही दिख रहा है वही यदि अपलोड फोटो को देखा जाए तो यह साफ तौर पर पता चलता है कि कार्य पर श्रमिको के बजाए ट्रैक्टर से कार्य कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत बरसंधिया में मुन्नू की बाग के कोने से शिवलाल के खेत तक कच्चा पटान कार्य पर पुरानी ड़ोटो अपलोड कर 34 श्रमिको की फर्जीहाजिरी दर्ज की गई है। ग्राम पंचायत ढकिया में बहादुरपुर में अनिल के खेत से जंगल तक श्रवत्रह्यु संपर्क मार्ग पर लगभग 50 श्रमिको की पुरानी ड़ोटो अपलोड कर घोटाला किया जा रहा है, ग्राम पंचायत जटपुरवा में भी रामसेवक के खेत से ब्रहम बाबा तक श्रवत्रह्यु संपर्क मार्ग पर 39 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत मधवापुर में दो कार्य संचालित हो रहे है संजय की बोरिंग से बाग तक सर्वत्रह्यु संपर्क मार्ग व राजा के खेत से पंडित के खेत तक संपर्क मार्ग दोनो ही कार्यो पर रोजगार सेवक के द्वारा पुरानी ड़ोटो के सहारे 92 श्रमिको की फर्जी ड़ोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, ग्राम पंचायत उत्तर थोक में सियाराम के खेत से लक्खू के खेत तक श्रवत्रह्यु सम्पर्क मार्ग पर 60 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की गई है। उक्त सभी ग्राम पंचायतों में पुरानी ड़ोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज करने के सम्बंध में जब बीडीओ मछरेहटा से जानकरी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी मिली है ग्राम पंचायत नोट कर जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# टीकाकरण में लापरवाही पर रोका वेतन खराब प्रदर्शन करने वाले चिकित्साधिकारी को भी दिया अल्टीमेटम

### अगली बैठक में डीएम का रहेगा खराब प्रदर्शन करने वाले चिकित्साधिकारियों पर ध्यान

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि टी0बी0 मरीजों की काउंसलिंग भी करायी जाये तथा समय-समय पर उसकी स्क्रीनिंग भी करायी जाये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टी0बी0 मरीजों का एक्सरे किया जाये तथा गांववार लिस्ट तैयार करते हुये वहां के लोगों की स्क्रीनिंग की जाये ताकि टी0बी0 से ग्रसित लोगों का पता चल सके। सभी ब्लॉकों, वृद्धा आश्रम, लेबर कालोनी, नगर पालिका एवं नगर निकायों में भी टी0बी0 की स्क्रीनिंग अवश्य करायी जाये। डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि समय से अंतरित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ई-संजीवनी एप के माध्यम से संचालित टेली कंसल्टेशन सेवा में सुधार के निर्देश दिए। आशा भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। टीकाकरण हेतु ड्यू लिस्ट समय से अपडेट कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों का नियमित रूप से आयोजन एवं सुपरवीजन सुनिश्चित किया जाये। टीकाकरण सत्र आयोजन से पूर्व जागरूकता अभियान भी चलाया जाये। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण में दुर्गापुरवा सीतापुर में लापरवाही करने वाले का मानदेय रोकने के निर्देश दिये। फैमिली प्लानिंग में निर्धारित समय से लक्ष्य पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित कराएं एवं आशा का नियमित भ्रमण भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी वीएचएनडी सत्रों में आंगनबाड़ी, आशा एवं ए0एन0एम0 निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि सभी खराब प्रदर्शन वाले प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारी अगली बैठक के पूर्व प्रदर्शन में सुधार करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी स्वास्थ्य केन्द्र हैं, उनकी रंगाई पुताई एवं जहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं हैं, वहां पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करते हुये कनेक्शन अवश्य करा लिया जाये।जिलाधिकारी ने वी0एच0एस0एन0डी0 को नियमित तौर पर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के लिए आयोजित बेस लाइन सर्वे के आधार पर उनके लिए पोषक भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। सभी बच्चों का हीमोंग्लोबिन टेस्ट करने के भी निर्देश दिये। प्रति माह बच्चों के पोषण की रिपोर्ट तैयार करने और उसके अनुरूप आवश्यक कार्यवाही का भी निर्देश दिये। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बर्तन उपलब्ध कराए जाये। सभी सी0डी0पी0ओ0 को आकस्मिक रूप में सैम मैम बच्चों के रिपोर्ट का भौतिक परीक्षण करने का निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने सैम व मैम की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि विशेष ध्यान देते हुए सैम व मैम बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी सैम व मैम बच्चा छूटने न पाए, सभी को लाभान्वित किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिक्षा और पोषण में नवाचार करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में गुणात्मक सुधार का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित करें। पोषण माह में कार्यो में लापरवाही बरतनें पर सी0डी0पी0ओ0 परसेण्डी व सिधौली का वेतन रोकने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासनादेशानुसार व नियमानुसार विभागीय कार्यो का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में लर्निंग लैब बनाए जाने के कार्यो की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। सभी सी0डी0पी0ओ0 को पोषण ट्रैकर पर आधार सत्यापन तथा होम विजिट आदि की फीडिंग में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित सभी एम0ओ0आई0सी0, जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे



## एक नजर...

### दफनाई गई पुरानी कच्ची शराब



सीतापुर। पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे माल निस्तारण अभियान में, पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणीध्उत्तरी महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में मा0 न्यायालय अपर सिविल जज (सीडि) कोर्ट संख्या- 04 सीतापुर के आदेश के अनुपालन में उपजिला मजिस्ट्रेट सदर सीतापुर द्वारा गठित टीम अतुल सेन सिंह (नायब तहसीलदार सदर), सुरेन्द्र बहादुर यादव (आबकारी निरीक्षक सीतापुर ) निरीक्षक घनश्याम सिंह थाना रामकोट जनपद सीतापुर ( कार्यवाहक थाना प्रभारी ) उनि शिवप्रसाद पाण्डेय उ. नि.राजेश कुमार राय, उ नि रामहेत गुप्ता थाना रामकोट सीतापुर हे0मो0 शैलेश श्रीवास्तव थाना रामकोट जनपद सीतापुर की उपस्थित में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 2006 , 2008 , 2022, 2023 में पंजीकृत कुल 560 अभियोगों से सम्बन्धित माल लगभग 10448 लीटर अवैध शराब एल्कोहल को थाना परिसर रामकोट में गड्डा खुदवाकर समस्त माल को गड्डे में डलवाकर नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया ।

### नायब तहसीदार की कार्यवाही पर खनन अधिकारी ने किया निरीक्षण



रामपुर मथुरा-सीतापुर। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा को अवगत कराया कि उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के दिशा निर्देश पर थाना रामपुर मथुरा के ग्राम शुक्लनपुरवा तहसील महमूदाबाद में अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर नायब तहसीलदार महेन्द्र तिवारी , नायब तहसीलदार दीनानाथ , राजस्व निरीक्षक अजीत मिश्रा, लेखपाल सुशील गौड़, प्रदीप शाह, धमेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, रजनीश सोनकर, सतीश कुमार, शिव कुमार शर्मा व तहसील के होमगार्ड के साथ संयुक्त रूप से मौके की जांच की गई। जांचोंपरान्त मौके पर चार ट्रैक्टर मय बालू पकड़े जाने पर टैउ्क्टर को थाने हेतु खनन कर रहे व्यक्तियों द्वारा विरोध किया गया। जिस पर थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस के द्वारा चारों ट्रैक्टरों को थाने लाया जा रहा था रास्ते में एक टैउ्क्टर मय चालक के भाग गया। शेष तीन टैउ्क्टर दो बालू से पूर्ण रूप से भरे हुए एक टैउ्क्टर आधा भरा हुआ बालू से थाने लाकर खड़ा किया गया। जो टैउ्क्टर भाग गया था वह बालू से पूर्ण रूप भरा हुआ था। उक्त सूचना पर जिला खनन अधिकारी शलिनी कुमारी ने मौके पर जाकर खनन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की।

**राजस्व टीम द्वारा सूचना प्राप्त हुई है। स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के उपरान्त उचित विधिक कार्यवाही की जायेगी। - शालिनी कुमारी जिला खनन अधिकारी**

### ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद में ब्लॉक खैराबाद के शिक्षकों की मासिक बैठक संपन्न', 'सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण और समय से पूरा करें- 'संतोष कुमार

खैराबाद सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद में खैराबाद के शिक्षकों की मासिक बैठक दो चरणों में खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों ने प्रतिभाग किया बैठक में कायाकल्प से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि समय से और चरण बद्ध तरीके से कार्यों को संपादित कराएं किसी भी विद्यालय में कोई कार्य पेंडिंग ना रहे यू डाइस प्रोफाइल ,अपार आईडी तथा डीबीटी से संबंधित सभी कार्यों को प्रथम वरीयता में करवाएं कंपोजिट ग्रांट से जो भी सामान क्रय करें उसे विद्यालय की दीवार पर अंकित जरूर करें विद्यालयों की पुताई गुणवत्ता पूर्ण करें किसी भी प्रकार से डिस्टर्ब पर चुनाव आदि का प्रयोग कड़ा कितना किया जाए स्कूल में स्पोर्ट ग्रांट भेजी गई है उसका उपभोग ऑनलाइन करें और यह कार्य विद्यालय की क्रय समिति के द्वारा किया जाना चाहिए 31 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश प्रारंभ हो रहा है सभी शिक्षक अपने पेंडिंग कार्यों को तत्काल पूर्ण कारण निपुण लक्ष्य अप पर आकलन बचे हुए समय में कर लिया जाए इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मिश्रा मंत्री जहीर आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन सिद्दीकी प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ,मंत्री अमित त्रिपाठी,सौरभ जायसवाल,उपाध्यक्ष आशीष मिश्र अनुपम मिश्र,संयुक्त मंत्री नफीस जोहरा,अंजू राजवंशी, मोहम्मद जुनेद ,मोहम्मद यूसुफ तथा ए आरपी कुमार विवेक, अरविंद कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे इसके अलावा बी आर सी स्टाफ में रमेश रस्तोगी, संजय कुमार ,जमीला बानो,अदीब अंसारी, प्रमोद कुमार, संतोष त्रिवेदी ने सभी कार्यों में सहयोग किया अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

एक डायग्नोस्टिक सेंटर और दो निजी अस्पतालों में छापा, नहीं मिले डॉक्टर

# आखिर क्या डीएम साहब सीएमओ व अपर सीएमओ जो बचपन में बच्चे खेल खेलते थे अखमुनवा , आईस- पाईस कोंडवा बादाम छू खेल खेल रहें

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।एसीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने शुक्रवार को एक डायग्नोस्टिक सेंटर और दो निजी अस्पतालों में छापा मारा। मौके पर अस्पताल में मरीज तो मिले, लेकिन कोई चिकित्सक या कर्मी उपस्थित नहीं था। इस पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस देते हुए शनिवार तक तलब कर लिया। कहा कि अस्पताल पंजीयन की पत्रावली लेकर उपस्थित नहीं हुए तो सभी का पंजीयन निरस्त करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।बीते दिनों शिकायत के बाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने डिप्टी सीएमओ के साथ शुक्रवार सुबह 11 बजे प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर बसखारी पहुंच गए। सेंटर में कोई चिकित्सक नहीं था, मगर 10 से अधिक मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। अल्ट्रासाउंड कक्ष में बलवंत पाल नाम का मरीज मौजूद था। उसने बताया कि वह अल्ट्रासाउंड कराने आया है। अभी डॉक्टर साहब यहीं पर थे। हालांकि, स्टाफ ने इससे इन्कार किया और बताया कि अभी चिकित्सक आए ही नहीं हैं। दोनों स्वास्थ्य अधिकारियों ने सेंटर में नोटिस चस्पा कर कागजात के साथ प्रबंधन को सीएमओ कार्यालय में तलब कर लिया। कार्रवाई,डायग्नोस्टिक सेंटर नोटिस दी गई है। यदि शनिवार को पंजीकरण की पत्रावली के साथ कार्यालय नहीं आए तो पंजीयन निरस्त करने के लिए डीएम को पत्रावली भेजी जाएगी। साथ ही छोलाछाप की श्रेणी में रखते हुए एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। -डॉ. रामानंद सिद्धार्थ, एसीएमओ

***क्या खेल डीएम साहब का***

*जब कार्रवाई उन्हीं को करना है तो कार्यवाही संस्तुति किसको दी जाती है*

कार्रवाई की संस्तुति पर बड़े-बड़े खेल जिला अधिकारी अंबेडकर नगर का पीछले माह कार्यवाही की संस्तुति जांच में भी खामियां पाई गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई जब दोबारा शिकायत दिया गया कार्यवाही का साक्ष्य प्रमाण अपलोड कराया जाए तो अबकी बार फिर कथित प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की गई तो फिर वही रिपोर्ट लगा दी गई कार्यवाही की संस्तुति दी गई है आखिर क्या डीएम साहब, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार, अपर ष्ट रूह्र जो बचपन में बच्चे खेल खेलते थे अखमुनवा , आईस- पाईस कोंडवा बादाम छू खेल खेल रहे हैं जब जिला अधिकारी को ही कार्रवाई करना है तो इतना बड़ा पाठ पढ़ने की क्या जरूरत है जब एक बार जांच की गई फिर दोबारा भी जांच की गई तो प्रांजल डायग्नोस्टिक कार्रवाई क्यों नहीं की गई । क्या जिला अधिकारी किस संस्कृति को नहीं रखते कोई मायने बहुत से ऐसे सवाल जनपद में गूंज रहा है आम जनता में भी यह चर्चा होती है। क्या जिला अधिकारी अविनाश सिंह हाथों को बंद रखे हैं कुछ सत्ता पक्ष के रसूखदार नेता या फिर मीडिया कर्मी बहुत से ऐसे सवालो में उलझा प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर की कार्यवाही फिलहाल देखना होगा जिला अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर जनता प्रांजल डायग्नोस्टिक की बलि चढ़ता रहेगा।

## भितरीडीह के निर्देशन में किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।बालिकाओं को शिक्षा स्वास्थ्य व विकास की योजनाओं से जोड़ने एवं व्यक्तिगत साफ सफाई स्वच्छता सहित मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर जागरूक करने के लिए अकबरपुर विकासखण्ड के आठ ग्राम पंचायतों में किशोरी जागरूकता बैठक का आयोजन हुआ जिसमें 500 से अधिक किशोरी बालिकाओं ने भागीदारी किया।जन विकास केन्द्र भितरीडीह के निर्देशन में किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम अम्बेडकरनगर द्वारा आयोजित बैठकों को सम्बोधित करती हुई सचिव गायत्री ने कहा किकिशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के जरिए बाल विवाह व बाल हिंसा रोकथाम केन्द्रित कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों को सशक्त करते हुए बाल विवाह एवं अन्य हिंसा से उनका संरक्षण करना है।मानवाधिकार रक्षक मनोज कुमार ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य शिक्षा एवं विकास के अधिकारों की रक्षा करने के लिए ग्राम पंचायत चन्दनपुर, सिसानी अखईपुर, कजरी नन्दापुर, आलमपुर अखई, इस्माइलपुर गंज, अलीपुर कोड़रा, नसीरपुर कैथी, व हरखपुर कौड़हा के 22 गांवों मे किशोरी जागरूकता बैठक आयोजित कर उन्हें व्यक्तिगत साफ सफाई स्वच्छता मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर जागरूक किया गया। बैठकों में कम्युनिटी मोबिलाइजर देपेश ने मौलिक अधिकार, निरकला ने व्यक्तिगत साफ सफाई एवं स्वच्छता छोटेलाल ने नागरिक कर्तव्य, सुमन ने बाल विवाह एवं शीला ने बाल हिंसा पर जानकारी दिया।
बैठकों को सफल बनाने में नीशा,मोहम्मद इसराइल, विजेन्द्र, महिमा, मुस्कान, सुप्रिया, रोशनी साधना आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लाखों रुपए करायें गए गौशाला का निर्माण

## ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव लापरवाही से नहीं हुआ संचालित किसानों की फसल नष्ट कर रहे हैं आवारा पशु

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के विकास खण्ड बसखारी ग्राम पंचायत पड़रिया फौलादपुर में सरकार के मंशा अनुरूप गौशाला का निर्माण कई लाखों रुपए से कराया गया लेकिन गौशाला संचालित ना होने की वजह से उसमें एक भी जानवर नहीं है क्षेत्र में आवारा पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं कहीं ना कहीं देखा जाए तो विकासखंड के अधिकारी और ग्राम प्रधान कि लापरवाही से किसने की फसल बर्बाद कर रहे हैं आवारा पशु एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती है वहीं पर किसानों की आय जीरो के बराबर हो गई आखिर सरकार के मनसा पर पानी फेरने का काम ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव कर रहे हैं आखिर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी का सपना सरकार कैसे होगा फिलहाल देखा जाए तो कुछ गौशाला में अधिक पशु भरे हुए हैं आखिर पड़रिया फौलादपुर गौशाला का संचालन न होना यह साबित करता है की सरकार की आंखों में धूल झोंक कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया आखिरी जिला अधिकारी गौशालाओं का निरीक्षण क्यों नहीं कर रहे हैं यह बहुत बड़ा सवाल है क्या गौशालाओं का स्थित बदतर से बद्तर हो गया कुछ गौशालाओं पर तो ग्राम प्रधान अपने चमचों को बैठाकर मीडिया को गौशाला में प्रवेश करने से वर्जित रखते हैं कहीं ना कहीं देखा जाए तो गौशालाओं का सिस्टम गड़बड़ झाला दिखता है फिलहाल देखना या होगा कि इस मामले को कितना गंभीरता से लिया जाता है यह तो आने वाला समय बताएगा।

***विकास खण्ड बसखारी का अधिकारी**

इस मामले की जानकारी विकासखंड अधिकारी से लिया गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है उस पर कार्रवाई चल रही है प्रधान को पत्र भी जारी किया गया है साफ सफाई हो रही है जल्द से जल्द पशुओं को गौशाला में शिफ्ट किया जाएगा।

## प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार का स्वागत

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अम्बेडकरनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार का आज गोविंद साहब जाते हुए अमड़ी टोल प्लाजा पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य शरीफ मसूदी एवं जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पत्रकारों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के फ़ोटो ग्राफर लल्लन गुप्ता ,प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य शरीफ मसूदी, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला महामंत्री शिवकुमार गुप्ता, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव,वरिष्ठ पत्रकार रुद्र प्रताप सिंह, पत्रकार अनीस मसूदी, पत्रकार कृष्ना सिंह, जिला महामंत्री राम बहादुर यादव, पत्रकार प्रदीप कुमार, मुन्ना यादव, अनिल सिंह, शोभा सिंह, लल्लन फौजी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## पूर्व तहसीलदार गिरफ्तार1.05 करोड़ रुपए के गबन का आरोप

ईओडब्ल्यू वाराणसी ने किया गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अयोध्या।अयोध्या में वाराणसी की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पूर्व नायब तहसीलदार को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पूर्व नायब तहसीलदार को शासकीय धन 1.05 करोड़ रुपये के गबन के आरोप है। आरोपी रामप्रीत यादव अयोध्या के ग्राम अलनाभारी का रहने वाला है। तहसील कादीपुर, सुल्तानपुर में नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त थे। चार वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे। आरोप है कि शासन द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस के लिए जमीन अधिगृहित करने के लिए जिले को पैसा आवंटित किया था। जिसमें 1.05 करोड़ रुपये का हेरा फेरा करने का आरोप है।

प्रकरण के संबंध में थाना कादीपुर, सुल्तानपुर में वर्ष 2016 में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक लाल साहब यादव के निर्देश और पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा और मुख्य आरक्षी हेमंत सिंह व सरफराज अंसारी के द्वारा की गई है।

## बिजली विभाग द्वारा बनाया जा रहा है आम जनता को कर्जदार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**




अम्बेडकरनगर। अकबरपुर खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा सैदापुर में उपभोक्ता राजबली संयोजन संख्या8481264000 द्वारा मार्च 2024 में जिसमें वर्तमान2453 रीडिंग और रुपया 2508 था विभाग द्वारा मी संख्या 13249348 3 रीडिंग तक बिल 2508 रुपए था और पुनः जुलाई में देखा जा रहा है तो उपभोक्ता का बिल 11087 कर दिया गया और उपभोक्ता के मीटर में रीडिंग 2670 और सितंबर माह में रीडिंग 2858बकाया 28202 कर दिया गया जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत संख्या 4001782 4024560की गई तो विभाग के उच्च अधिकारी द्वारा मी संख्या 1600977 चेंज दिखाया गया जबकि परिसर पर मीटर संख्या वही लगा है जो पहले ही लगा था और बिल को थोड़ा घटा कर 19000कर दिया गया है आज वर्तमान में 3033 प्रार्थना पत्र के आधार पर बिल 25000 से घटकर 19000 कर दिया गया था और अब पुनः बिल चेक किया जा रहा है तो उपभोक्ता का बिल 20238 हो गया जबकि उपभोक्ता द्वारा पूर्व में ज्यादा बकाया भी नहीं था 2508 रुपए बकाया पर उनकी रीडिंग बढ़कर दिखाया गया है और मी का चेंज दिखाया गया और सीरियल नंबर दूसरा यह दिखाकर पूरा-पूरा रीडिंग का पुनः बिल बना दिया जिससे उपभोक्ता बाकायादार हो गया है उपभोक्ता द्वारा कहा कि हमारे बिल का संशोधन किया जाए और मैं अपना बिल का भुगतान कर दूं लेकिन उच्च अधिकारी द्वारा बिल का संशोधन ना कर बल्कि रीडिंग का फिर से शून्य से दिखाकर पूरे रीडिंग का बिल बनाकर कर्जदार बना दिया गया है।

# टांडा में बिजली विभाग के जेई का ऑडियो वायरल, जातिसूचक शब्दों पर मचा बवाल, जेई के गुर्गों ने पत्रकार को पीटा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तानअयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर ।जे ई का जातिसूचक अपशब्दों वाला ऑडियो वायरल होने के बाद बवाल खड़ा हो गया है। ऑडियो में जेई पर कथित तौर पर मुस्लिम और अन्य जातियों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप है।लोगों का कहना था कि ऐसे पद पर बैठे सरकारी कर्मचारी जब जातिवाद को बढ़ावा देंगे, तो समाज में सामाजिक समरसता कैसे बनी रह सकती है?तो यह समाज में विभाजन और तनाव को बढ़ावा देगा।÷सरकारी कर्मचारी के रूप में उनका काम जाति, धर्म, और समुदाय से ऊपर उठकर सभी को समान रूप से सेवा देना है। इस तरह की सोच और व्यवहार न केवल उनके दायित्व का उल्लंघन है, बल्कि यह समाज के लिए खतरनाक भी है।÷इस घटना ने सरकारी तंत्र में जातिवाद के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे समाज में और अधिक असंतोष फैल सकता है। कुछ इसी प्रकार का मामला जनपद अंबेडकरनगर के तहसील टांडा नगर टांडा विद्युत विभाग के जेई रविशंकर निषाद का एक ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें वह लगातार हिंदू और मुसलमान की बात करते



दिखाई दे रहे हैं एक तरफ हिंदुओं का पक्ष ले रहे हैं और दूसरी तरफ मुसलमान को परेशान करने की बात कर रहे हैं इसी बात का ऑडियो पिछ्ले एक-दो दिनों से यूपी न्यूज़ जर्मन पंचायती के तहसील संवाददाता वरशिप टंडन ने वायरल किया था जिससे बौखलाए जेई रवि शंकर निषाद ने पहले तो संवाददाता को चारों तरफ से दबाव डालते हुए मैनेज करने का प्रयास किया जब मामला बनता नहीं दिखाई दिया तो कल देर रात छज्जापुर पुलिस चौकी के ठीक सामने अपने गुंडों को भेज कर उसकी पिटाई करवा दी पिटाई करने वालों में शरद सोनी हयातगंज चौक का रहने वाला दो अन्य लोगों के साथ उसने संवाददाता के घर के पास पहुंचकर फोन करके उसको घर के बाहर बुलाया और ऑडियो डिलीट करने का दबाव बनाते हुए दोबारा ऑडियो वायरल करने पर हत्या की धमकी दी है जिसका ऑडियो भी पीड़ित ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया है पीड़ित पत्रकार ने कोतवाली टांडा में तहरीर देते हुए अपने ज्ञान को खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।अब देखना यह होगा कि इस मामले में प्रशासन और विभागीय अधिकारी कितनी जल्दी और कितनी सख्त कार्रवाई करते हैं या 151 तक ही सीमित रह जाएगी कार्यवाही।

# एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही

**एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन पर बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही।**

**मनोज कुमार जिला ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ) के निर्देशन पर बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही।

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 05 वाहन चालक पर की गई कार्यवाही।

05 प्रकरण में 1,700/- रूपये समन शुल्क।

माईनर एक्ट के तहत 04 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही।

आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने 05 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 27.12.2024 को यातायात बेमेतरा



05 प्रकरण में 05 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 05 प्रकरण में कुल 1,700/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 04 प्रकरण में 04 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को थाना नवागढ एवं चौकी मारो, कंडरका में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 05 प्रकरण में 05 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(च) एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 05 वाहन चालक पर की गई कार्यवाही।*

05 प्रकरण में 1,700/- रूपये समन शुल्क। ज़ माईनर एक्ट के तहत 04 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। ज़ आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने 05 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 27.12.2024 को यातायात बेमेतरा 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 05 प्रकरण में कुल 1,700/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 04 प्रकरण में 04 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को थाना नवागढ एवं चौकी मारो, कंडरका में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 05 प्रकरण में 05 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(च) एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 05 वाहन चालक पर की गई कार्यवाही।*

05 प्रकरण में 1,700/- रूपये समन शुल्क।

माईनर एक्ट के तहत 04 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही।

आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने 05 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही।

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर रूक सकती है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर ?। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिये किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना आवश्यक हैं फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हो जायेगें। जनपद में कुल 367827 कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र हैं। जिसमें से दिनांक 27.12.2024 तक मात्र 65125 कृषकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराया गया हैं शेष कुल 302702 कृषकों द्वारा अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराया गया है।जनपद के सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध के साथ अपील है कि वे अपने ग्राम पंचायत पर आयोजित कैम्प अथवा अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री/किसान बही बनवा सकतें है। साथ ही साथ अपने ग्राम पंचायत सहायकों से भी सम्पर्क कर व स्वयं अपने मोबाइल से सेल्फ मोड को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करते हुये कर सकते है। उक्त कार्य को आगामी 10 जनवरी तक प्रत्येक दशा में सभी कृषकों को कराना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जो जनवरी माह में भेजी जानी हैं स्वतः अवरूद्ध हो जायेगी। क्योंकि फॉर्मर रजिस्ट्री की डेटा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के डेटा पर मर्ज करने के उपरान्त ही 19 वीं किस्त रिलीज की जायेगी।
अतः जनपद के सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि वह जल्द से जल्द (कामन सर्विस सेन्टर) के माध्यम से अपना फार्मर रजिस्ट्री कराने का कष्ट करें।

# प्रधान जिसको कहेगा उसको लगाएंगे भुगतान-सचिव

सीतापुर।जनपद में सचिवों व प्रधानों की मनमानी के चलते जारी आदेशो की धाज्जिया उड़ रही है, सचिव प्रधान से मिलीभगत कर वित्तीय धन का दुरुपयोग कर रहे है, अगर ग्राम पंचायतें प्रधानों के कहने मात्र से ही चलनी है तो फिर सचिवों की नियुक्ति करने का क्या मतलब रह जाता है या फिर सचिवों को प्रधानो के साथ मिलीभगत कर घोटाले मात्र करने के लिए रखा गया है,बताते चले कि विकास खंड ऐलिया की ग्राम पंचायत जगदीशपुर गोहरैया में सचिव व प्रधान ने मिलीभगत कर वित्तीय धन का बंदरबाँट किया गया है, ग्राम पंचायत में प्रधान रामलली ने सचिव संजय प्रजापति के साथ मिलीभगत कर अपने पति राकेश कुमार व बेटी सोनी के नाम पर भुगतान कर वित्तीय खाते में विकास कार्य के लिए भेजी गई धनराशि को चुना गया है वही एक अन्य ग्राम पंचायत बेनीपुर में सचिव ने प्रधान के बेटे अंकुश व बहु के नाम भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया है, जब इस संबंध में सचिव संजय प्रजापति से जानकारी लेने के लिए बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान जिसको कहेंगे हम उसको भुगतान लगाएंगे शासनादेश की बात पूछने पर कहा हम ज्यादा कुछ नही बता सकते।

**बॉक्स- औरंगाबाद में भी किया गया घोटाला**-विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत औरंगाबाद में प्रधान व सचिव ने मनमाने तरीके से मजदुरी का भुगतान लाखो रुपये का गबन कर डाला है, बताते चले कि प्रधान ने सचिव से मिलकर शहनवाज के नाम पर चालू वित्तीय वर्ष में मजदुरी के नाम पर लगभग 615 दिन का भुगतान कर दिया वही चालू वित्तीय वर्ष में लगभग अभी 250 ही बीते होंगे, व आजाद खान के नाम पर लगभग 1 लाख के आस पास का भुगतान किया गया वही आकिब रब्बानी व उनकी पत्नी नाहिदा रब्बानी के नाम पर भी भुगतान किए गए है आकिब रब्बानी प्रधान के प्रतिनिधि बताए जाते है यदि आंकड़ो पर गौर फरमाया जाए तो प्रधान के प्रपत्रों पर जो मोबाइल नंबर दिया गया है वह भी आकिब रब्बानी का ही है।

इस प्रकरण में जब एडीओ पंचायत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपसे जानकारी मिली है जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# केएमयू : स्काउट गाइड एवं सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मुख्य अतिथियों ने स्काउट गाइड की महत्वता को बताया 25 विद्यालयों की टीमों ने किया प्रतिभाग, 555 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। केएमयू में संचालित स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की जनपदीय सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता 2024-25 का दूसरे दिन शाम को समापन हो गया। इस बीच कई गतिविधियां कराई गई। जिसमें मथुरा के 25 विद्यालयों की टीमो के 555 स्काउट कैडेटों ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में शामिल कैडेट को स्काउट की महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें मुख्य आकर्षण सुन्दर-सुन्दर टैंट व कैंप फायर रहा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नेता और एमएलसी ठा. ओम प्रकाश सिंह, संघ के विभाग प्रचारक अरूण पांचजन्य, केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा, राजेश शर्मा राष्ट्रीय आयुक्त स्काउट गाइड, रविंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर कमल कौशिक ने स्मृति चिन्ह देकर किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए स्काउट गाइड की महत्वता को बताया। कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है तथा आपात स्थिति में देश प्रदेश एवं परिवार की सहायता कम संसाधनों में कैसे की जा सकती है इसका बेहतरीन उदाहरण है। प्रतियोगिता में जैन इंटर कॉलेज चौरासी मथुरा , नगर पालिका इंटर कॉलेज कोसी,राधा माधव इंटर कॉलेज सतोहा.गांधी इंटर कॉलेज. बाजना इंटर कॉलेज. गरु





कार्ष्णि इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज गोकुल, राधा बिहारी कॉलेज बरसाना, सुभाष इंटर कॉलेज मथुरा, विद्यापीठ इंटर कॉलेज वृंदावन,रामकली देवी इंटर कॉलेज, ब्रज कृषक इंटर कॉलेज टेंटीगांव, सर्वोदय इंटर कॉलेज, सेठ प्रेमसुखदास इंटर कॉलेज. श्री कृष्णा स्वतंत्र दल.दर्गेश इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय विद्यालय धघेटा के छात्र/छात्राओ ने प्रतिभाग किया। तंबू निर्माण में किशोरी रमन कन्या इंटर कॉलेज को प्रथम, आर्य समाज इंटर को कन्या इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान दिया गया, ल?कों में श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज को प्रथम, मीनार प्रतियोगिता में राधा राम माधव इंटर कॉलेज सतौह को प्रथम, जैन 84 इंटर कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार दिया गया, गाइड संपर्क में राधा माधव इंटर कॉलेज सातवा को प्रथम, सुभाष इंटर कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया, जिसमें निर्णायक मंडल में, दया शंकर शर्मा लीडर ट्रेनर, कैलाश कौशिक कुमार कौशिक, प्रमोद कुमार विधायक मंडल में शामिल रहे। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में आज वर्दी, ड्रिल मार्च, मीनार, गाँठे, तंबू निर्माण इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोगित की गयी जिसमे सभी प्रतिभागी विद्यालयो से आये स्कॉउट एवम गाइड ने सुंदर, मनमोहक प्रस्तुति देकर आगंतुक अतिथियों का मन मोह लिया। जिन विद्यालयों के बच्चों ने स्काउट में प्रतिभा किया सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्रों ने बैलकम तालियों से उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर केएमयू के रजिस्ट्रार पूरन सिंह, संयोजक निरंजन सिंह सोलंकी, जोगेंद्र सिंह सचिव, डॉक्टर शालिनी अग्रवाल अखिलेश यादव, निखिल अग्रवाल, मनवीर सिंह, गोवर्धन दास गुप्ता मीडिया प्रमुख,अंजना शर्मा हरिओम गुप्ता, श्रीमती प्रेमा पानू, रीना सिंह, गुरु प्यारी सत्संगी, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी कृष्ण, वीर सिंह सोलंकी, गुंजन चौबे, अनुपम गुप्ता, स्काउट के जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धनदास गुप्ता सहित स्काउट के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर...


### फरार 25 हजार का ईनामी बदमाश मुठभेढ के बाद गिरफ्तार



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। शहर के एक प्रोपटी डीलर कर अपहरण कर फिरौती वसूलने की घटना में फरार 25 हजार के ईनामी बदमाश को स्वाट टीम व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मुठभेढ़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया गया। बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह और बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।गौरतलब हो कि कोतवाली क्षेत्र के भैंस बहोरा निवासी एक प्रोपटी डीलर का लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के चलते 15 दिसम्बर को नये बस स्टैंड के समीप से प्रोपटी डीलर का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। घटना के संबंध में अपहृत की पत्नी के द्वारा थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। गत दिनों पुलिस ने घटना का खुलासा कर दो बदमाश जुनैद उर्फ वकील पुत्र इस्माइल तथा काला उर्फ खुर्शीद पुत्र मकमुल को गिरफ्तार कर अपहृत को सकुशल बरामद कर घटना में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया गया था। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11:45 बजे सीओ सिटी भूषण वर्मा के नेतृत्व में कोतवाल प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर और स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार शर्मा नये बस स्टैंड के सामने माल गोदाम रोड कच्ची स?क के समीप चेकिंग कर रहे थे। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वो पुलिस पर फायरिंग वहां से भागने लगा। पुलिस द्वार घेराबंदी कर की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। पूछताछ में पक? गए युवक ने अपना नाम फुरकान निवासी निवासी गांव अके?ा, नूंह, सदर, हरियाणा बताया। एसपी सिटी ने बताया कि शातिर फिरौती के लिए किए गए अपहरण के मामले में 25 हजार का इनामी है।

### अकबराबाद चौक के पास से मिला अज्ञात युवक का शव



**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि।**

शनिवार पूर्वाद्ध सवा ग्यारह बजे अकबराबाद चौक के पास से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक के चेहरे पर चोट है। माना जा रहा है कि अलाव के पास बैठे युवक को ट्रक ने टक्कर मारी है और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की पूर्वाह्न करीब सवा ग्यारह बजे लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि अकबराबाद चौक से रेलवे फाटक के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा है। लाल सराय पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल लगभग 38 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से कोई भी पहचान से संबंधित कागज़ नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई। हालांकि काफी लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे लेकिन फिर भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### 9सिकंदरा पुलिस ने अनुमानित कीमत 25 लाख का नशीला पदार्थ किया जप्त



**दीवान सिंह सिकरवार केसरिया हिंदुस्तान अखबार**

आगरा–आगरा के सिकंदरा थाना पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार अवैध नशीले पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाले गैंग के 02 अभियुक्तों को थाना सिकन्दरा पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार
कब्जे से 155 किलो गांजा (अनुमानित कीमत ?25,00,000/-), 01 मोटरसाइकिल एवं 02 मोबाइल बरामद।

### एडीएम को नामित किया गया प्रभारी अधिकारी

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र दिनांक 06 दिसम्बर 2024 के क्रम में अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्र दिनांक-24 दिसम्बर 2024 के अनुक्रम में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) सीतापुर को प्रभारी अधिकारी गेहूँ खरीद नामित किया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सीतापुर समय सारिणी के अनुसार खरीद हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुये करायेंगे।

# अनार सिंह कुशवाह भाजपा जिला प्रतिनिधि नियुक्त।



मुरैना , भारतीय जनता पार्टी ने जिला प्रतिनिधियों की सूची जारी की है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अनार सिंह कुशवाहा भाजपा मंडल सुमावली को एक और दायित्व देते हुए जिला प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी सुमावली मंडल से नियुक्त किया गया है। सुमावली भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनार सिंह कुशवाहा को जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए भाजपा संगठन के शीर्ष नेतृत्व व वरिष्ठ पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। इसमें वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जिला मंत्री बलवीर सिंह गुर्जर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष बैजनाथ सिंह कुशवाह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम पलिया ,बनवारी सिंह गुर्जर, मंडल मीडिया प्रभारी विनोद कुमार शर्मा , सुंदर सिंह कुशवाहा रवि सिंह जादौन आदि प्रमुख है

# वर्षा इलेक्ट्रॉनिक शॉप का हुआ उद्धघाटन






लोकेश शुक्ला चंबल गौरव/

कैलारस- शिवहरे मार्केट मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने पहाड़गढ़ रोड़ स्थिति ,वर्षा इलेक्ट्रॉनिक शॉप किया उद्घाटन। डॉक्टर महेंद्र धाकड़ ने कहा कि कैलारस जैसे क्षेत्र में वर्षा इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर धर्मेंद्र धाकड़ उर्फ मोनू धाकड़ मामचौन के द्वारा बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों की दुकान खोली गई है इस दुकान में बेहतरीन एवं किफायती दर पर सामान मिलेगा। जैसे कि स्ध्रष्ठ लाइट, पाल लाईट, स्विच, तार, केबिल, पंखा, प्रेस, मिक्सर, सीलिंग लाइट, एमसीबी, ओरिजिनल सभी कम्पनियों का लाइट फिटिंग का सभी प्रकार का ब्रांडेड और सस्ता इलेक्ट्रिकल सामान खरीदने का सबसे बड़ा मौका मिलेगा ,100त्न गारंटी के साथ सबसे सस्ते दाम पर ब्रांडेड क्वालिटी का भरोसा ,दिया जा रहा है ,ओपनिंग पर स्पेशल ऑफर दिए जा रहे हैं सभी व्यक्ति छूट और शानदार डील्स का फायदा उठाएं। यहाँ एक बार जरूर विजिट करें और खुद फर्क महसूस करें! शिवहरे मार्केट, चंबल बैंक के सामने, पहाड़गढ़ रोड, कैलारस। वहीं मुरारी लाल धाकड़ ने कहा कि ऊदल सिह धाकड़ शिक्षक का एक बेटा था उन्होंने यह वर्षा इलेक्ट्रॉनिक शॉप की दुकान खोली है जो बेरोजगारी की ऐसी स्थिति में शिक्षित होते हुए युवा बेरोजगार होते जा रहे थे ,लिखाई पड़ाई ,के बाबजूद भी नॉकरिया मिलना दुर्लभ हो गया है, ऐसी स्थिति में शिक्षत युवाओं को अपने स्वयं के रोजगार करना चाहिए,इसी स्थिती में ऊदल सिंह धाकड़ अपने बेटे मोनू धाकड़ को समझाया कि ,इस समय शासकीय सेवा मिलना दुर्लभ हो रही है क्यो न हम कोई खुद का प्राइवेट निजी व्यवसाय करें, उनके बेटे प्रवीण उर्फ मोनू धाकड़ ने वर्षा इलेक्ट्रिकल शॉप खोला ,इस व्यवसाय से में यह कहना चाहूंगा जो शिक्षत बेरोजगार युवा बालिका हैं वो अपना खुद का व्यवसाय करे ,जिससे बेरोजगारी मिटाने का काम हो पाएगा ,इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. बासुदेव धाकड़, मुरारीलाल धाकड़ (शिक्षक), डॉ. बीरेन्द्र धाकड़, डॉ. महेंद्र धाकड़ ,रामनरेश शिक्षक, बिनोद धाकड़ सरपंच, डॉ राजेंद्र धाकड़,बास्या शिवहरे, आर पी धाकड़ शिक्षक, आर एन शिक्षक ,धारेस गुर्जर जनपद सदस्य , ऊदल सिंह धाकड़ शिक्षक के अलावा, कई लाइट मेकेनिक सहित,अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे !

## ''मुख्यमंत्री जन कल्याण'' अभियान के तहत 27 दिसम्बर को 07 विकासखण्डों के 14 स्थानों पर लगेंगे शिविर

मुरैना मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मुरैना जिले की ग्राम पंचायत स्तर पर घर-घर सर्वे कराकर शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसमें शासन की विभिन्न 45 हितग्राही मूलक योजनाओं एवं 63 सेवायें प्रदाय योजनाओं का लाभ पात्र वंचित हितग्राही को पहुंचाना है। इसके लिये 27 दिसम्बर को 07 विकासखण्डों के 14 स्थानों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिनमें अम्बाह जनपद के ग्राम तुतवास, कोल्हुआ, कैलारस जनपद के ग्राम डोंगरपुर, जरैना-मानगड़, जौरा जनपद के ग्राम गुड़ा-आसन, विसंगपुरा, पहाडगढ़ जनपद के ग्राम खिटौरा, पोरसा जनपद के ग्राम सिकहेरा, सेंथरा-अहीर, सबलगढ़ जनपद के ग्राम नौरावली और मुरैना जनपद के ग्राम करौला, उरहाना, पिपरसेवा, टीकरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# नगरीय निकायों में 27 दिसम्बर को 11 स्थानों पर लगेंगे ''मुख्यमंत्री जनकल्याण'' शिविर

मुरैना /प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक ''मुख्यमंत्री जनकल्याण'' शिविर लगाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में मुरैना जिले की समस्त नगरीय निकायों में 27 दिसंबर को 11 स्थानों पर ''मुख्यमंत्री जनकल्याण'' शिविर लगेंगे।

पीओ डूडा सुश्री मेघा तिवारी ने बताया कि 27 दिसंबर को नगर निगम मुरैना के राजगुरू वार्ड, शंकर वार्ड, महादेव वार्ड, दौ?जी वार्ड, जौरा नगर पंचायत के तात्याटोपे वार्ड, झुण्डपुरा नगर पंचायत के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, बानमौर नगर पंचायत के टेगौर वार्ड, कैलारस नगर पंचायत के माता विजयाराजे सिंधिया वार्ड, नगर पालिका सबलग? के अम्बेडकर वार्ड, नगर पालिका पोरसा के जवाहर लाल वार्ड, नगर पालिका अम्बाह के बिस्मिल वार्ड में शिविर आयोजित किये जायेंगे। कैम्पों में प्रभारी अधिकारी संबंधित नगरीय निकायों के सीएमओ रहेंगे। नगर निगम मुरैना के 04 स्थानों पर आयुक्त नगर निगम श्री सतेन्द्र सिंह धाकरे शिविर प्रभारी होंगे।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से भूमिजा महिला मंडल द्वारा मध्यप्रदेश की समृद्धि का नया अध्याय ''कलश यात्रा''







मुरैना मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला अधिकारी श्री सतीश सिंह तोमर के निर्देशानुसार ब्लॉक समन्वयक श्री राधा शरण पुरोहित के तत्वाधान में भूमिजा महिला मंडल पोरसा ने संसाधित पार्वती-काली-सिंध-चंबल लिंक राष्टीय परियोजना के संभावित ग्राम पंचायत रजौधा के औरेठी गांव में नदी जोड़ो अभियान के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जल आधारित जन जागरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को पानी बचाने एवं नदी को जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही दीवार लेखन किया गया। लोक गीत आदि कार्यक्रम किए गए, जल के बगैर जीवन नहीं होता, जल को बचाना हम सभी का काम है। कलश यात्रा जल बचाने के लिए निकालल जा रही है। सभी से अपील है कि अपने आसपास जितनी भी नदियां हैं, उनको साफ, स्वच्छ रखें और पानी का दुरुपयोग न करें। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती भानुमति बघेल, सचिव श्री रणवीर सिंह तोमर, जल संसाधन से सब इंजीनियर श्री राकेश लहरिया, मिथिलेश तोमर, गुड्डन तोमर, बंदना तोमर, सोनाली, सहित आदि महिलाओ ने मिलकर कलश यात्रा निकाली। ग्राम वासियों को संदेश दिया कि ज्यादा से ज्यादा पानी को स्वच्छ एवं

# समृद्धि योजना के अंतर्गत नवांकुर सस्थाओं का दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ






मुरैना /मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संगम आजीविका समुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पुरानी जिला पंचायत मुरैना में नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मां भारतीय के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले उपस्थित थे। इसके अलावा एसडीएम मुरैना श्री भूपेन्द्र सिंह कुशवाह, नगर निगम कमिश्नर श्री सत्येन्द्र धाकरे, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले ने जन अभियान परिषद द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुये आगामी माह में 70 साल से अधिक आयु के लोंगो के आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जन अभियान परिषद की संस्थाओं से आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वह अपने क्षेत्र में इस आयु वर्ग में आने वाले लोंगो के कार्ड बनाने में भी पूर्ण सहयोग प्रदान करें। मुख्य क्षेत्र प्रबंधक इफको मुरैना डॉ. पीएस जादौन ने आधुनिक खेती को लाभ युक्त बनाने के कृषि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिसमें उन्होंने नैनो प्लस, डीएपी लिक्विड आदि के महत्व एवं इसे किस प्रकार उपयोग में लाना चाहिये, इसको विस्तार से समझाया। पशु चिकित्सालय डॉ. लोकेश गोयल द्वारा गो संवर्धन बोर्ड एवं संरक्षण विभाग से आज पशुओं को जो शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही है, उसके बारे में बताया। सहायक संचालक मत्स्य विभाग श्री कमल नार्वे द्वारा मत्स्य विभाग से मछली पालन के लिए शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी के बारे मे समझाया गया। जिससे व्यक्तियों को रोजगार मिल सके,। धरती ग्राम उत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति श्री देवेन्द्र भदौरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संभागीय समन्वयक श्री धर्मेन्द्र सिसोदिया, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर, विकासखंड समन्वयक श्री राधाशरण पुरोहित, श्रीमती वंदना सगर, श्री अल्केश सिंह भदौरिया, श्री रामकेश सिंह सिकरवार उपस्थित थे। नवांकुर संस्थाओ द्वारा दिनभर चले सत्रो की अनुभव कथन सभी के समक्ष रखे गये। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

# पशु चिकित्सा विभाग मुरैना द्वारा सबलगढ़ और कैलारस विकासखंडों में पशुपालन केसीसी शिविर लगेंगे

मुरैना /म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत मुरैना एवं सीआईआई दिल्ली के सहयोग से विकासखंड स्तर पर स्व-सहायता समूहों के द्वारा केसीसी शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविरों में उन्नत पशुपालन करने एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु पशु चिकित्सा एवं विशेष पशुपालन केसीसी शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें कैलारस जनपद के ग्राम गौल्हारी में 27 दिसंबर को, सबलगढ़ विकासखंड के ग्राम कुल्होली में 28 दिसंबर को केसीसी शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये जनपद सीईओ, कैलारस और सबलगढ़ को निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले ने दिये हैं।

# (सफलता की कहानी)



## सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ में आयुष्मान निरामय योजना के तहत हो रहे नि:शुल्क हर्निया ऑपरेशन

## बलवंत माहौर का आयुष्मान निरामय योजना के तहत हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन

मुरैना /मुरैना जिले के सबलगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जावरोल निवासी 68 वर्षीय श्री बलवंत माहौर जो पिछले 05 वर्ष से पेशाब के रास्ते के बगल से हर्निया की सूजन से बहुत परेशान थे और गरीबी रेखा से नीचे थे। सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ की टीम, सर्जन डॉ. शरद शर्मा, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर अंकिता श्रीवास्तव व मांगीलाल द्वारा हर्निया पीड़ित बलवंत माहौर का आयुष्मान निरामय योजना के तहत नि:शुल्क ऑपरेशन किया। बलवंत माहौर अब पूरी तरह स्वस्थ्य एवं फिट है। वे ऑपरेशन करने वाली टीम, सिविल अस्पताल सबलगढ़ और आयुष्मान योजना शुरू करने वाले प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहें है।

# स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री आज करेंगे चर्चा

## अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व अपर कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों के साथ स्वामित्व योजना के संबंध में बैठक ली



मुरैना /म.प्र. शासन राजस्व विभाग के आदेशानुसार स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम 27 दिसंबर को प्रातः 11 बजे टाउन हॉल मुरैना में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से संपूर्ण देश के स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे, जिसमें मुरैना जिले के विभिन्न हितग्राही भी उपस्थित होंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मुरैना में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक ली और सभी अधिकारियों से दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की।इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं सौंपने के लिए आदेश जारी कियें हैं। जिसमें संपूर्ण मंच व्यवस्था के लिये एसडीएम मुरैना, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, तहसीलदार सीताराम वर्मा और अधीक्षक भू-अभिलेख श्री बालकृष्ण मिश्रा व्यवस्थाएं देखेंगे। कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण व्यस्थाओं के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिकरवार, तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, बानमौर तहसीलदार श्री आनंद यादव और नायब तहसीलदार सुश्री ज्योति लाचाकार को व्यवस्थाएं सौंपी हैं।कार्यक्रम स्थल पर वचुअर्ल कनेक्टीविटी एवं एलईडी तथा लाईव प्रसारण की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री सुनील त्यागी, ई-गवेर्नेस प्रबंधक श्री मनीष शर्मा, श्री वैदेही शरण को सौंपी है। आगंतुको के लिये खाद्य एवं पेयजल व्यवस्था कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री एसएल बाथम एवं डीएसओ श्री संजीव शर्मा को व्यवस्था सौंपी है। मंच पर सोफा एवं कुर्सी, साज सज्जा, साउण्ड की व्यवस्था नगरनिगम के श्री रहीम चौहान, कार्यक्रम स्थल के आस-पास सफाई की व्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश टैगोर, मंडी सचिव पंजाब सिंह राजौरिया, गाड़ी अड्डा प्रभारी श्री रवि घुरैया को व्यवस्थाएं सौंपी हैं। कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों को लाने की जिम्मेदारी जनपद सीईओ मुरैना श्री महावीर जाटव को सौंपी है। कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, जनरेटर की व्यवस्था एमपीबी के श्री अभिषेक चौरसिया, दिनेश कुमार राजौरिया को सौंपी है। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस चिकित्सक दल एवं दवाईयां उपस्थित रहें इसके लिये श्री पदमेश उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर फूल मालाएं, बुके, गुलदस्ता की जिम्मेदारी सहायक संचालक उद्यानिकी श्री अशोक कौशिक, ट्राफिक व्यवस्था के लिये डीएसपी श्रीमती बिन्दु परमार, संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था के लिये संबंधित थाना प्रभारी विजय भदौरिया रहेंगे। मंच संचालन के लिये खेल विभाग के श्री श्याम सिकरवार को जिम्मेदारी सौंपी है। संपूर्ण कार्यक्रम का कवरेज, फोटो वीडियोग्राफी के लिये जनसंपर्क विभाग को दायित्व सौंपा है।

**अपर कलेक्टर ने टाउन हॉल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया**–स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण 27 दिसंबर को टाउन हॉल से किये जायेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के लिये अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने दोपहर 1 बजे टाउन हॉल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये।

# गजेंद्र सिंह राठौड़ बने महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने मुख्यमंत्री से की खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग

धौलपुर( शकील खान) जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की प्रदेश महासमिति की बैठक में गजेंद्र सिंह राठौड़ को एक बार फिर वर्ष 2025 -26 के लिए महासंघ (एकीकृत) का प्रदेशाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। यह जानकारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने एक बयान में दी। बैठक में उपस्थित सभी जिला अध्यक्षों, संभाग प्रभारी एवं सभी संबद्ध संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों ने एकमत से गजेंद्र सिंह राठौर में विश्वास व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व में ही आगे संघर्ष करने का ऐलान किया।बैठक में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे कर्मचारी हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए बिना वेतन विसंगतियों को दूर करना कर्मचारियों के साथ धोखा है। जिसे महासंघ (एकीकृत) कभी स्वीकार नहीं करेगा। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करने और वेतन विसंगतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की है। बैठक में महासंघ (एकीकृत) के मुख्य महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों को मांग पत्र की जानकारी दी और संशोधित मांग पत्र तैयार करने के लिए प्रस्ताव लिए। शर्मा ने कहा कि महासंघ (एकीकृत) द्वारा जल्दी ही सरकार को संशोधित मांग पत्र पेश किया जाएगा। बैठक में जिन कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया उनमें जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी सहित पदाधिकारी शामिल हैं।

## बकाया एरियर वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी ने नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों की टीम ने 25 हिटर जप्त किये बिजली चोरी के आठ केस बनाएं

मुरैना-डेढ़ करोड़ रुपए के एरिया की वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल के निर्देशन में महाप्रबंधक व्ही.सी. दागी के नेतृत्व में उपमहाप्रबंधक अभिषेक कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में बिजली वितरण कंपनी द्वारा नगर रक्षा समिति की महिला एवं पुरुषों एवं भूतपूर्व सैनिकों की टीमों के द्वारा विद्युत की बकाया एरिया राशि की वसूली के लिए एक अभियान योद्धा स्तर पर चलाया जा रहा है बिजली वितरण कंपनी ने मुरैना शहर के शिकारपुर रोड, अहमदनगर, दुर्गापुरी कॉलोनी मैं 25 घरों में 25 हीटर जप्त किये। वहीं बिजली वितरण कंपनी की टीमों ने एरियर वसूली के साथ-साथ आठ केस चोरी के भी बनाए हैं मुरैना शहर के उपभोक्ताओं को निर्विवाद सप्लाई देने के उद्देश्य से बिजली वितरण कंपनी द्वारा एरियर वसूली के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उस चेकिंग अभियान में नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों और बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों की एक टीम का गठन किया गया है जो शहर में प्रतिदिन एरियर की वसूली, बिजली चोरी आदि पर लगाम लगाने के उद्देश्य निरंतर कार्रवाई को टीमों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है